दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्षः 17 | अंक 111 | सीकर, शुक्रवार 19 जून 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## यूक्रेन ने रूस पर सबसे बड़ा ड्रोन अटैक किया



मॉस्को/कीव।

यूक्रेन ने गुरुवार को रूस पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रातभर में करीब 1,000 ड्रोन और चार क्रूज मिसाइलों को मार गिराया गया। इनमें करीब 200 ड्रोन राजधानी मॉस्को की तरफ बढ़ रहे थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा, हम यह युद्ध नहीं चाहते थे, लेकिन अगर यूक्रेन जलेगा तो मॉस्को भी जलेगा। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक हमले में दक्षिणी रोस्तोव क्षेत्र का एक ऑयल डिपो धमाके से तबाह हो गया। यहां मौजूद एक व्यक्ति की मौत हो गई। मॉस्को की कपोतन्या ऑयल रिफाइनरी पर भी हमला हुआ। विस्फोट के बाद ऑयल डिपो टैंक का ढक्कन कई मीटर ऊपर उछल गया और आसमान में काले धुएं के गुबार छा गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पास के एक शॉपिंग सेंटर में भी आग लग गई। ड्रोन का मलबा गिरने से कुछ रिहायशी और व्यावसायिक इमारतों को नुकसान पहुंचा। कई ऊंची इमारतों को खाली कराया गया।

# अमेरिका-ईरान जंग खत्म...
# दोनों प्रेसिडेंट ने दस्तखत किए

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।

अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने के लिए अंतरिम समझौते पर दस्तखत हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार रात को फ्रांस के वर्साय पैलेस में इससे जुड़े रूप्थ पर साइन किए। इस दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मौजूद थे। डील पर दस्तखत करने के बाद ट्रम्प वर्साय पैलेस से बाहर आए। इस दौरान किसी रिपोर्टर ने उनसे पीस डील को लेकर पूछा, तो उन्होंने चिल्लाते हुए कहा, 'डील साइन हो गई है।' ट्रम्प के बाद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने भी ईरान से इलेक्ट्रॉनिक दस्तखत किए। समझौते का ऐलान भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 5:30 बजे किया गया। यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया।

इस समझौते के तहत ईरान और लेबनान में मिलिट्री एक्शन खत्म किया जाएगा। होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोला जाएगा और अमेरिका की नौसैनिक नाकेबंदी खत्म की जाएगी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी गुरुवार को इस समझौते पर मध्यस्थ के तौर पर दस्तखत किए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर इसे 'इस्लामाबाद समझौता' बताया।

### ईरान डील पर नेतन्याहू का पहला रिएक्शन- लेबनान से सेना नहीं हटाएंगे

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते के बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पहली बार प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने साफ कहा कि इजराइल दक्षिणी लेबनान से अपनी सेना नहीं हटाएगा। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, नेतन्याहू ने कहा, हम उत्तरी सीमा पर सुरक्षा बहाल करेंगे। इसके लिए दक्षिणी लेबनान में सिक्योरिटी जोन बनाए रखना जरूरी है। जब तक इजराइल की सुरक्षा जरूरतें बनी रहेंगी, हम वहां से नहीं हटेंगे।

### ट्रम्प का शाही महल में डिनर, फोन पर बात और जंग खत्म

अमेरिका-ईरान जंग खत्म करने के समझौते पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार रात फ्रांस के वर्साय पैलेस में दस्तखत कर दिए। दिलचस्प बात यह रही कि कुछ घंटे पहले तक वही ट्रम्प ईरान को धमका रहे थे। जी7 समिट के दौरान उन्होंने कहा था कि अगर 60 दिन में अंतिम समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका फिर से ईरान पर बम बरसाएगा। लेकिन शाम ढलते-ढलते तस्वीर बदल गई। जी7 समिट के समापन के बाद ट्रम्प फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के विशेष निमंत्रण पर वर्साय पैलेस पहुंचे। वहां डिनर से पहले दोनों नेताओं को फोन पर किसी से बातचीत करते देखा गया। इसके कुछ देर बाद ट्रम्प ने ईरान के साथ शांति समझौते पर दस्तखत कर दिए।




### समझौते के बाद तेल की कीमतों में गिरावट

दुनिया में तेल की कीमत तय करने वाला ब्रेंट क्रूड पिछले तीन दिनों से 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बना हुआ है। गुरुवार को ब्रेंट क्रूड करीब 2% गिरकर 78 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। जंग के दौरान इसकी कीमत 114 .44 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी। यानी अब यह उस स्तर से करीब 35 डॉलर सस्ता हो चुका है। अमेरिका का डब्ल्यूटीआई कच्चा तेल भी गिरकर करीब 74 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, जो तीन महीने का सबसे निचला स्तर है।

### विदेशों में फंसे ईरान के फ्रीज्ड फंड की टाइमलाइन

समझौते के तहत अमेरिका ने वादा किया है कि वह ईरान की फ्रीज्ड संपत्तियों को छोड़ देगा। हालांकि, यह पैसा कब और कैसे जारी होगा, यह दोनों देश बातचीत से तय करेंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इसका मतलब यह हो सकता है कि अंतिम समझौता होने का इंतजार किए बिना ही ईरान के लिए अरबों डॉलर की रकम जारी होना शुरू हो जाए। अनुमान है कि यह राशि 24 अरब डॉलर या उससे भी अधिक हो सकती है।

### कुवैत-ईरान में जंग के बाद पहली बातचीत, होर्मुज स्ट्रेट पर चर्चा

ईरान-अमेरिका समझौते के बाद ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कुवैत के विदेश मंत्री शेख जर्राह जाबेर अल-अहमद अल-सबा से फोन पर बात की। जंग शुरू होने के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बातचीत है। कुवैत के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, विदेश मंत्री शेख जर्राह जाबेर अल-अहमद अल-सबाह ने उम्मीद जताई कि यह समझौता क्षेत्र में स्थिरता बढ़ाने, होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने और बाकी विवादों का स्थायी समाधान निकालने में मदद करेगा। वहीं अराघची ने कहा कि खाड़ी देशों के साथ बातचीत जारी रहनी चाहिए, ताकि आपसी सहयोग बढ़े और बाकी बचे मतभेद दूर किए जा सकें। कुवैत उन खाड़ी देशों में शामिल है, जिन्हें अप्रैल में अमेरिका और ईरान के बीच संघर्षविराम की घोषणा के बाद ईरान के हमलों का निशाना बनाया गया था। पिछले हफ्ते भी ईरान ने कुवैत और बहरीन में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए हैं।

## हिमाचल में खाई में गिरी बोलेरो गाड़ी, 7 की मौत

### मृतकों में एक ही परिवार के 6 लोग शामिल; मुंडन संस्कार से लौटते वक्त हादसा

भरमौर, चंबा।

हिमाचल प्रदेश के चंबा-मसरूंड मार्ग पर सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। इनमें मेहल गांव के एक ही परिवार के छह लोग शामिल हैं, जबकि सातवां मृतक ड्राइवर था। पुलिस ने सभी के शवों को खाई से निकाल कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। सूचना के अनुसार, गाड़ी में सवार सभी लोग काकड़ोथा गांव से मुंडन संस्कार में शामिल होकर बुधवार रात को घर लौट रहे थे। इस दौरान इनकी बोलेरो एचपी-01सी-2581 नंबर गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। बताया जा रहा है कि सड़क से गाड़ी लगभग 1200 फीट नीचे गिरी। इससे गाड़ी के परखच्चे उड़ गए।

### हादसे में इन लोगों की मौत

इस हादसे में मेहल गांव के चुनी लाल (65) पुत्र परस राम, देवी लाल (62) पुत्र परस राम, बबली देवी (45) पत्नी मोती राम, मोती राम (45) पुत्र परस राम, अनिता कुमारी (20) पुत्री धर्मसिंह, कुंता देवी (53) पत्नी कर्म सिंह और धरो गांव के मनोहर लाल (34) की मौत हो गई। दो सगे भाई और पति-पत्नी भी शामिल है। आधी रात में हादसे की वजह से किसी को इसकी भनक नहीं लगी। सुबह के वक्त पुलिस को जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य में जुटी। मगर तब तक सभी लोगों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने आज सुबह घटनास्थल पर जुटे स्थानीय लोगों की मदद से खाई से शवों को सड़क तक पहुंचाया। इसके लिए लोगों ने ह्यूमन चेन बनाकर सभी शव सड़क तक लाए। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज गया। कुछ देर में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले में विरोध में उतरे टीचर



**झुंझुनूं।** झुंझुनूं में शिक्षकों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा से स्थायी छूट और सेवा सुरक्षा की मांग की। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (राजस्थान) के बैनर तले बड़ी संख्या में शिक्षक जिला मुख्यालय पहुंचे और प्रधानमंत्री व केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों का कहना है कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने 23 अगस्त 2010 को टेट को न्यूनतम पात्रता के रूप में लागू किया था। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के 29 मई 2026 के फैसले के बाद 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों की सेवा शर्तों, वरिष्ठता, पदोन्नति और भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। उनका तर्क है कि उनकी नियुक्तियां उस समय लागू नियमों और चयन प्रक्रिया के अनुसार हुई थीं, इसलिए बाद में बने पात्रता मानदंड उन पर लागू नहीं किए जाने चाहिए। ज्ञापन में शिक्षकों ने मांग की कि 23 अगस्त 2010 से पहले नियुक्त सभी शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त किया जाए।

साथ ही उनकी सेवा, वरिष्ठता, पदोन्नति और अन्य सभी सेवा लाभों को कानूनी संरक्षण दिया जाए। महासंघ ने केंद्र सरकार से आवश्यक विधायी संशोधन या विशेष प्रावधान लाकर प्रभावित शिक्षकों को स्थायी राहत देने की भी मांग की है। प्रदर्शन में शामिल शिक्षकों ने कहा कि उन्होंने वर्षों तक शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है, इसलिए उनके भविष्य को अनिश्चितता में नहीं डाला जाना चाहिए।

## भारत और यूरोप के बीच फ्रांस पुल जैसा : मोदी

### एफिल टॉवर पर भी भारत का यूपीआई काम करता है, हमारे पास वर्ल्ड-क्लास डिजिटल पब्लिक गुड्स

पेरिस/नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार फ्रांस के पेरिस में आयोजित विवाटेक समिट में शामिल हुए। मोदी ने कहा- फ्रांस एक अहम पुल का काम कर रहा है जो भारत और यूरोप के टेक इकोसिस्टम को करीब ला रहा है। हमारे यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस की वजह से आज दुनिया के आधे रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन भारत में होते हैं। अब आप फ्रांस में भी एफिल टॉवर या पेरिस एयरपोर्ट पर [illegible] का इस्तेमाल कर सकते हैं। हमारे पास ऐसे कई वर्ल्ड-क्लास डिजिटल पब्लिक गुड्स के उदाहरण हैं। डिजिलॉकर दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल डॉक्यूमेंट वॉलेट में से एक है। 17 जून को फ्रांस के एवियन शहर में आयोजित जी7 समिट के बाद पीएम मोदी देर रात करीब 2 बजे पेरिस पहुंचे थे। यहां होटल के बाहर भारतीय मूल के लोगों ने पीएम मोदी का स्वागत किया था।

### मोदी की स्पीच, 4 बड़ी बातें; कहा- भारत में बदलाव की वजह टेक्नोलॉजी

**भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल आइडेंटिटी सिस्टमः** पिछले दशक में, भारत तेजी से बदल रहा है और इस बदलाव के पीछे टेक्नोलॉजी की बड़ी भूमिका है। दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल आइडेंटिटी सिस्टम बनाने से लेकर दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म तक, हम फाइनेंशियल



इन्क्लूजन, शिक्षा, टेलीमेडिसिन, खेती और कई अन्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहे हैं।

**2026 भारत और यूरोप के लिए एक खास साल हैः** साल की शुरुआत में, हमने ऐतिहासिक भारत-श्व फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पूरा किया। यह एग्रीमेंट हमारे व्यापार और निवेश को बढ़ाएगा। इस साल भारत-फ्रांस इनोवेशन ईयर की शुरुआत के साथ, फ्रांस एक अहम पुल का काम कर रहा है जो भारत और यूरोप के टेक इकोसिस्टम को करीब ला रहा है।

**भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा टैलेंट पूलः** भारत एक खुला समाज है और दुनिया का सबसे बड़ा टैलेंट पूल है। हम नियमों को आसान बना रहे हैं और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सुनिश्चित कर रहे हैं। इनोवेशन से लेकर कमर्शियलाइजेशन तक, हम 50 बिलियन डॉलर से ज्यादा के खास इंसेंटिव के जरिए प्राइवेट कंपनियों को सपोर्ट कर रहे हैं।

## जयपुर समेत 6 जिलों में बारिश, दुकानों में घुसा पानी

### बीकानेर में रेत का बवंडर; प्रदेश में कब होगी मानसून की एंट्री

जयपुर।

राजस्थान में बैक-टू-बैक वेदर सिस्टम आने से प्री-मानसून की बारिश का दौर जारी है। गुरुवार को एक नया वेदर सिस्टम राज्य में एक्टिव हुआ। जयपुर, उदयपुर, चूरू, श्रीगंगानगर, अलवर और सीकर में बारिश हुई। श्रीगंगानगर में तेज बारिश से दुकानों में पानी घुस गया। मौसम विभाग ने इस सिस्टम से तीन दिन तक राज्य के दक्षिणी और उत्तर-पूर्वी हिस्सों में आंधी-बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने 21 जून तक प्रदेश में इस सिस्टम का असर रहने का अनुमान जताया है। प्रदेश के 29 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी है। लगातार बदल रहे मौसम के कारण दिन का तापमान भी 40 डिग्री से कम हो गया है। वहीं, पिछले 24 घंटे में उदयपुर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, करौली और इनके आसपास के इलाकों में हल्की बारिश हुई। राजस्थान में 25 जून बाद मानसून आने की संभावना है।



### 25 जून के बाद आ सकता है मानसून

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, राजस्थान में इस सीजन में मानसून के देरी से आने की संभावना है। राज्य में मानसून के प्रवेश का सामान्य समय 25 जून निर्धारित है, लेकिन ऐसी संभावना जताई जा रही है कि यह 25 जून के बाद ही राज्य में दस्तक देगा।

**अभी कहां है मानसून**-वर्तमान में मानसून की ब्रांच अरब सागर ब्रांच महाराष्ट्र के कुछ दक्षिणी हिस्सों से गुजरते हुए तेलंगाना के कुछ हिस्सों से होकर छत्तीसगढ़ की सीमा के पास है। वहीं, बंगाल की खाड़ी वाली ब्रांच बिहार, झारखंड और ओडिशा के मध्य से होकर गुजर रही है। मौसम विभाग ने मानसून के इन क्षेत्रों से आगे बढ़ने में अभी 4 से 5 दिन का समय और लगने की संभावना जताई है।


## फोटो ऑफ़ द डे



नहीं ..नहीं...! यह जुहू बीच नहीं!! झुंझुनू के कर्बला मैदान में गुरुवार को बरसात के पानी से बने तालाब की फोटो है जरा गौर से देखिए।नजारा वैसा ही चारों तरफ पानी और किनारे पर बहुमंजिला इमारतें।

कैमरामैन - शिव आनन्द शर्मा

## कोबरी-सार



## श्रवण बुरड़क व भवानी शंकर शर्मा को मिलेगा भारत-भूटान शांति रत्न अवार्ड

निसं



**दांतारामगढ़ (नवयत्न)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को भूटान की राजधानी थिम्फू में आयोजित होने वाले भारत-भूटान शांति सम्मेलन एवं विचार प्रस्तुति के दौरान सीकर जिले के दो समाजसेवियों, श्रवण कुमार बुरड़क और भवानी शंकर शर्मा, को भारत-भूटान शांति रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान विश्व शांति, सांस्कृतिक समरसता, समाज सेवा और मानवीय मूल्यों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ने बताया कि भारत-भूटान समरसता सोशल मिशन यात्रा का आयोजन भूटान सरकार के पूर्व अर्थमंत्री लोकनाथ शर्मा के सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत-भूटान मैत्री संबंधों को मजबूत करते हुए श्वसुधैव कुटुम्बकम ग्लोबल विलेज और विश्व शांति की भावना को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना है। मंच के प्रेरणास्त्रोत एवं वरिष्ठ कानूनविद् डॉ. एच.सी. गणेशिया ने बताया कि सम्मेलन में भारत की सांस्कृतिक विरासत, पंचशील सिद्धांत, नैतिक मूल्यों, विश्व बंधुत्व तथा योग के संदेश को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। समारोह में चयनित प्रतिभाओं का सम्मान भूटान की कोर कमेटी एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 35 विशिष्ट प्रतिभाओं को भारत-भूटान शांति रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इनमें सीकर के श्रवण कुमार बुरड़क और भवानी शंकर शर्मा सहित राजस्थान, पंजाब, बिहार, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, हरियाणा तथा अन्य राज्यों की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हैं। इसके अलावा जयपुर की अक्षरा सिंह नाथावत को उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा के लिए भारत-भूटान बाल रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन में शिक्षा, चिकित्सा, न्याय, समाज सेवा, संस्कृति, पत्रकारिता, अध्यात्म एवं अन्य सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े प्रतिनिधि अपने विचार साझा करेंगे तथा भारतीय संस्कृतिए योग, नैतिक मूल्यों और विश्व शांति का संदेश वैश्विक समुदाय तक पहुंचाएंगे। भूटान के धर्मगुरु सागवे दोरजी ने अपने संदेश में कहा कि भारत और भूटान की मित्रता विश्व शांति एवं सांस्कृतिक समन्वय की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं, भूटान सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री करमा दोरजी ने सभी चयनित प्रतिभाओं को शुभकामनाएं देते हुए दोनों देशों के मैत्रीपूर्ण संबंधों को और मजबूत बनाने पर बल दिया। मंच की ग्लोबल एम्बेसेडर डॉ. तुहिना प्रकाश शर्मा ने कहा कि यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत और भूटान के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक संबंधों को नई दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय प्रयास है।

# ट्रांसफार्मर को लेकर डबल ईंजन की सरकार में भाजपा नेताओं के डबल धरने

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** देश और प्रदेश में डबल ईंजन की सरकार है और सुजानगढ़ में एक विद्युत ट्रांसफार्मर को लेकर भाजपा नेताओं के डबल धरने और प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं, जिससे बड़ा सवाल अब ये खड़ा होने लगा है कि व्यक्तिगत जिद के सामने पार्टी को भी कुछ नेता नुकसान पहुंचाने लगे हैं। हालांकि इसको लेकर दो पक्षों के बीच वार्ता भी भाजपा के नेताओं ने करवा दीए लेकिन फिर भी समाधान नहीं निकल पाया, जिससे अब आम जनता सवाल करने लगी है कि क्या स्थानीय नेताओं पर पार्टी के उच्च नेताओं का कोई नियंत्रण नहीं है। भोजलाई बास स्थित चैम्बर चौक में विद्युत डीपी लगाए जाने की मांग को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री जयश्री दाधीच, भाजपा नेता कमल दाधीच के नेतृत्व में सैंकड़ो लोगों की भीड़ उपखंड कार्यालय पर रैली के रूप में न्याय दो न्याय दो के नारे लगाते हुए पहुंचीं। जहां पर प्रदर्शन और नारेबाजी के बाद उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। भाजपा नेता कमल दाधीच ने उपखंड अधिकारी को एडीएम के आदेश दिखाकर कहा कि बिना परमिशन के कुछ लोग पार्क में धरने पर बैठ गए हैं और नगरपरिषद में एप्लीकेशन देने के बाद भी धरने को नहीं हटाया गया है, इसलिए बिना अनुमति के दिए जा रहे धरने को हटाया जावे। दाधीच ने कहा कि मौका मजिस्ट्रेट की नियुक्ति होने के बावजूद भी प्रशासन क्यों वहां पर जाकर ट्रांसफार्मर नहीं लगा रहा। क्या प्रशासन धरनार्थियों से डर रहा है। दाधीच ने कहा कि प्रशासन को आप भेजिये और हम न्याय लेकर ही उठेंगे। जयश्री दाधीच ने कहा कि हम लोग न्याय लेकर ही जायेंगे और आपको वहां पर ट्रांसफार्मर लगाना पड़ेगा। कमल दाधीच ने कहा कि डिप्टी साहब को भेजिये और उनका अनाधिकृत धरना उठाईये। आज पूरा मोहल्ला यहां पर आया है, फिर भी अधिकारी एक दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं। जबकि विद्युत विभाग ने यह तय किया है कि पार्क में डीपी लगेगी। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि जब तक समुचित जाब्ते की व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक यह कार्य संभव नहीं है।

ऐसा कहकर उपखंड अधिकारी अपने चैम्बर में चले गए, जिसके बाद सभी लोग उपखंड अधिकारी के चैम्बर के बाहर ही बैठ गए और न्याय की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। पूरा उपखंड न्यायालय न्याय के नारों से गूंज उठा। वहीं भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ को विडियो कॉल के जरिये लोगों की समस्या मौके पर ही बताई गई। भाजपा नेता कमल दाधीच ने बताया कि चार बजे के करीब हम लोग वहां से उठे और बिना परमिशन के धरना दे रहे लोगों को नोटिस दिए जाने तथा दो तीन दिन में पूरे जाब्ते के साथ ट्रांसफार्मर लगाए जाने की बात पर सहमति बनी है। वहीं उपखंड कार्यालय पर दिन भर चले धरने के की परमिशन के बारे में बात करने पर भाजपा नेता कमल दाधीच ने कहा कि ये धरना नहीं था, ये तो ज्ञापन था और हमारे पास झंडे बैनर भी नहीं थे। वहीं प्रदर्शन के दौरान सुशील प्रजापत, एडवोकेट विमल गोदारा, रामनिवास, बजरंगलाल, महेंद्र जांगिड़, निवर्तमान



पार्षद लियाकत अली, आसिफअली चौहान, इस्माईल खां, पवन प्रजापत, अनिल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरूष मौजूद रहे। दूसरी ओर भाजपा नेता सुमन सामरिया के नेतृत्व में चैम्बर चौक स्थित गार्डन में लोगों का धरना ट्रांसफार्मर के विरोध में लगातार जारी रहा। ट्रांसफार्मर की लोकेशन दूसरी जगह रखे जाने की मांग को लेकर ये धरना चल रहा है। धरने के चौथे दिन अशोक कुमार तिवाड़ी, राजकमल बोहरा, भवानी शंकर पारीक ,भागीरथ स्वामी, भगवती सामरिया, हीरालाल शर्मा, बनवारी ढाका, बसंत पारीक, भरत सामरिया, ताराचंद पांडिया, रवि पारीक, चैनाराम सामरिया आदि बैठे और भाजपा जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए ट्रांसफार्मर की लोकेशन बदले जाने की मांग की। भाजपा नेता सुमन सामरिया ने बताया कि घिंदड़ चौक और सांड चौक में काफी जगह पड़ी है, जहां पर आराम से ट्रांसफार्मर लगाया जा सकता है। लेकिन एक नेता ने जिद कर रखी है, जिसके कारण ये विरोधाभास पैदा हो रहा है। दूसरी ओर धरनार्थियों की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बताया है कि चैम्बर चौक से साण्ड चौक की तरफ जाने वाला रास्ता काफी संकरा है। यहाँ से पहले ही 11 हजार वोल्ट की हाई-टेंशन लाइन गुजर रही है, जिससे लोग अपनी छतों पर जाने से भी डरते हैंए स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस पार्क में आसपास के बच्चे खेलते हैं। इसके अलावा यहाँ पीपल और बड़ बरगद के प्राचीन पेड़ हैं, जिनका संरक्षण बेहद जरूरी है। इसलिए जनहित, बच्चों की सुरक्षा और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए इस विद्युत ट्रांसफार्मर को पार्क में न लगाकर किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित शिफ्ट किया जाए।

## आरपीएससी स्कूल व्याख्याता भर्ती में फर्जीवाड़ा
### डमी कैंडिडेट से परीक्षा दिलाने वाला अभ्यर्थी और दलाल गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग आरपीएससी द्वारा आयोजित प्राध्यापक हिंदी स्कूल शिक्षा प्रतियोगी परीक्षा-2022 में डमी अभ्यर्थी बैठाकर चयन हासिल करने के मामले में स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप एसओजी ने कार्रवाई करते हुए मूल अभ्यर्थी और सौदा कराने वाले दलाल को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों से पूछताछ कर पूरे नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में दलपत लाल मीणा 40 निवासी बौंली जिला सवाई माधोपुर तथा रुकमकेश मीणा 38 निवासी सपोटरा जिला करौली शामिल हैं। रुकमकेश मीणा वर्तमान में एम्स ऋषिकेश उत्तराखंड में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत है। एसओजी जांच में सामने आया कि दलपत लाल मीणा ने बिना परीक्षा दिए चयनित होने के लिए रुकमकेश मीणा के माध्यम से 15 लाख रुपए में सौदा तय किया था। इस राशि का भुगतान जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर नकद किया गया था। जांच के अनुसार आरपीएससी द्वारा 15 अक्टूबर 2022 को आयोजित परीक्षा की दोनों पारियों-सामान्य ज्ञान और हिंदी विषय में दलपत लाल की जगह डमी



परीक्षार्थियों को बैठाया गया। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपलोड मूल फोटो के स्थान पर दूसरे व्यक्ति की फोटो का उपयोग किया गया। वहीं अभ्यर्थी ने अपनी वास्तविक जन्मतिथि 15 जुलाई 1986 के स्थान पर 15 जुलाई 1997 दर्शाकर दस्तावेजों में हेराफेरी कीए ताकि उम्र कम दिखाई जा सके। इस संबंध में एसओजी थाना जयपुर में 30 मई 2024 को मामला दर्ज किया गया था। एसओजी अधिकारियों के अनुसार मुख्य आरोपी दलपत लाल मीणा लंबे समय से फरार चल रहा था और उसके खिलाफन्यायालय से स्थायी गिरफ्तारी वारंट भी जारी था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। साथ ही परीक्षा में बैठने वाले डमी अभ्यर्थियों तथा इस रैकेट से जुड़े अन्य दलालों और सहयोगियों की तलाश जारी है। एसओजी का मानना है कि जांच में जल्द ही कुछ और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

## राजस्थान बैंक मित्र संगठन को श्रम विभाग से मिला ट्रेड यूनियन पंजीकरण

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** राजस्थान के बैंक मित्रों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में ऑल राजस्थान बैंक मित्र संगठन बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट एसोशिएशन राजस्थान को श्रम विभाग द्वारा ट्रेड यूनियन के रूप में पंजीकरण प्रदान किया गया है। संगठन के पदाधिकारियों ने इसे बैंक मित्रों के अधिकारों की लड़ाई में एक बड़ा कदम बताया। संगठन के महासचिव अमरचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेशभर के सभी बैंक मित्रों का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया जाता है। संगठन ने बैंक मित्रों से एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया है। संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि कई बार विभिन्न कंपनियों द्वारा बैंक मित्रों की आईडी बंद करनेए ओडी फ्रीज करने, ट्रिपल एस सहित अन्य कारणों से कार्रवाई करने अथवा दबाव बनाने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे मामलों में अब संगठन बैंक मित्रों की आवाज को मजबूती से उठाएगा और उनके हितों की



रक्षा के लिए कार्य करेगा।

संगठन ने प्रदेश के सभी बैंक मित्रों से एक मंच पर आकर एकजुट रहने तथा अपने अधिकारों के लिए सामूहिक रूप से संघर्ष करने का आह्वान किया।

## सीए परीक्षा में बुगाला के आयुष सिंघानिया ने हासिल की ऑल इंडिया 38 वीं रैंक



**बुगाला (नवयत्न)।** गांव के मूल निवासी व रायपुर प्रवासी आयुष पुत्र रामजीलाल सिंघानिया ने चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा में ऑल इंडिया 38वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से परिवार, समाज और गांव में खुशी का माहौल है। आयुष की सफलता की खबर मिलते ही परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं देना शुरू कर दिया। कठिन परिश्रम, अनुशासित अध्ययन और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने देशभर के लाखों अभ्यर्थियों के बीच यह प्रतिष्ठित स्थान हासिल किया। सीए जैसी कठिन परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 38 वीं रैंक प्राप्त करना बड़ी उपलब्धि माना जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि आयुष की सफलता युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी उपलब्धि से गांव का गौरव बढ़ा है। परिजनों ने बताया कि आयुष शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं और उन्होंने अपनी लगन तथा मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। गांव के गणमान्य लोगों ने आयुष को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन



हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की और से दिनाँक 18 जून गुरुवार को मोहर्रम के मोके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने ताजिया निकलने वाले मार्गों पर बिजली पानी साफ सफाई एवं रोशनी की समुचित व्यवस्था करवाये जाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया ज्ञापन में उल्लेख करते हुए भाजपा नेता चौहान ने बताया कि शहर में मुस्लिम समुदाय की विभिन्न बिरादरियों द्वारा कुल ग्यारह ताजिये निकाले जाते हैं मोहर्रम के मौके पर मोहल्ला बटवालान, मोहल्ला पीरजादगान, शहीदांन चोक, मोहल्ला इलाइयान, चबूतरा चोक, मोहल्ला चेजारान, बड़ा मोहल्ला व्यापरियान, फुटला बाजार चोक, चोपदारों की मस्जिद, मोहल्ला फतेहपुरी यान, कालती हवेली, कर्बला रॉड पर बिजली टेलीफोन डिश केबल तारों को ऊंचा करवाया जावे व बाजार में बेशुमार तादाद में नीचे लड़कते हुए तिरपालों को खुलवाया जाए और नगर परिषद द्वारा हजरत इमाम हुसैन की याद में मोहर्रम के मौके पर अखाड़ा खेले जाने वाले स्थानों पर बालू मिट्टी डलवाई जावे चोपदारों की मस्जिद के सामने जहां चांदी का ताजिया खड़ा होता है वहां बिजली का खम्बा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है जिससे कोई बड़ा हादसा हो सकता है जिसे तुरंत बदला जाए ताजिया निकलने वाले मार्गों की सड़कों को ठीक करवाया जाए फुटला बाजार चोक में ट्रैफिक पुलिस के माध्यम से तथाकथित टेक्सी स्टैंड को हटाया ताकि ताजियों को निकालने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इस अवसर पर ज्ञापन देने वालो में हाजी मो अय्यूब, डॉ शौकत अली, मोर्चे के नगरमंडल अध्यक्ष खलील सिलावट, शाहिद फारूकी, इकबाल खान, उस्मान गनी लादूसरिया, अब्दुल जब्बार अब्बासी सहित अनेक कार्यकता मौजूद थे।

## पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ ने सद्बुद्धि यज्ञ



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** राजस्थान पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के आह्वान पर चल रहे आंदोलन में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार शाखा ने रतनगढ़ पंचायत समिति परिसर में स्थित चैपाल प्रांगण में राज्य सरकार को सद्बुद्ध प्राप्त हो की भावना के साथ सद्बुद्धी यज्ञ किया गया। वरिष्ठ सहायक श्रवण कुमार रूंथला ने पांडित्य कर्म करते हुए आचार्य और सहायक प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार पारीक ने सह आचार्य का दायित्व निर्वहन किया। मुख्य यजमान का मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के संरक्षक अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी मोहनसिंह राठौड़ थे। अध्यक्ष प्रभुसिंह राठौड़ ने बताया किए प्रदेश कार्यकारीणी ने मंत्रालयिक कार्मिकों की कैडर पुर्नगठन, नोशनल लाभ, हार्ड ड्यूटी भत्ता, अतिरिक्त पंचायत भत्ता, स्पष्ट जॉबचार्ट सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदेश स्तरीय आंदोलन का आह्वान किया है।

इसी आंदोलन के कार्यक्रमों में आज गुरूवार को पंचायत समिति परिसर के चैपाल प्रांगण में सद्बुद्धी यज्ञ किया गया था। यज्ञ में वरिष्ठ सहायक ताराचंद जाखड़, रहीससिंह, सुनील कुमार सैनी, कनिष्ठ सहायक नानूराम जाट, हरीश स्वामी, ममता जोगी, सुनिता, सोमवीर, संजय सरोवा, हरीश जांगिड़, निधी, राजेंद्र कुमार, सजन मीणा, धनराज, शंकरलाल, जवाहरसिंह, जगदीशप्रसाद मेघवाल, संजू मूंड, रामप्यारी, मनोज चारण, ओमप्रकाश भाट सहित अन्य मंत्रालयिक कार्मिक उपस्थित रहे।

## रोग से आरोग्य की ओर थीम पर योग शिविर का शुभारंभ

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** श्रोग से आरोग्य की ओर थीम पर आयोजित तीन दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर के प्रथम दिवस महिलाओं एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रात:काल आयोजित शिविर में प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक अरविन्द जांगिड़ ने योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से अनेक रोगों की रोकथाम एवं स्वास्थ्य संवर्धन संभव है। शिविर में उपस्थित प्रतिभागियों ने योग के प्रति विशेष रुचि दिखाई तथा आगामी दिनों में भी निरंतर भाग लेने का संकल्प लिया। आयोजकों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को स्वस्थ एवं निरोग जीवन की ओर प्रेरित करना है। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, ऊर्जा एवं सकारात्मकता से परिपूर्ण रहा।



## लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा के लिए कांग्रेस का आंदोलन आज

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ओर से शुक्रवार को शहीद स्मारक पर ष्लोकतंत्र बचाओ सत्याग्रह आयोजित किया जाएगा। आंदोलन में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सीबी यादव ने बताया कि यह आंदोलन लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा के लिए आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने राज्यसभा चुनाव में मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने, चुनाव आयोग की निष्पक्षता, दल-बदल की घटनाओं तथा निकाय एवं पंचायत चुनाव समय पर नहीं कराए जाने जैसे मुद्दों पर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि शहीद स्मारक पर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक सत्याग्रह होगा। इसके बाद प्रदेशभर में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। साथ ही 20 अगस्त को पूरे राजस्थान में ष्लोकतंत्र बचाओ पदयात्र निकाली जाएगी। सीबी यादव ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावी व्यवस्था पर निर्भर करती है। ऐसे में संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर उठ रहे सवालों के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए यह जन आंदोलन आयोजित किया जा रहा है।




## जयपुर में दहशत फैलाने वाले पंजाब के दो शातिर चेन स्नैचर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी में लगातार हो रही चेन स्नेचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाते हुए जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम सीएसटी और सोडाला थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर पंजाब के दो शातिर चेन स्नैचरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने जयपुर में पिछले 10 दिनों के दौरान छह महिलाओं को निशाना बनाते हुए चेन स्नैचिंग और लूट की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान परमजीत सिंह उर्फ प्रिंस 40 निवासी सिविल लाइंस, पटियाला पंजाब तथा काका शर्मा 25 निवासी कोतवाली क्षेत्र, पटियाला पंजाब के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ पंजाब में एनडीपीएसए चोरी, मारपीट और स्नैचिंग के एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त अपराध संजीव नैन के अनुसार 9 जून को सोडाला क्षेत्र में



ममता देवी शर्मा के गले से बाइक सवार बदमाशों ने सोने की चेन तोड़ ली थी। वारदात के दौरान महिला घायल भी हो गई थी। इस संबंध में सोडाला थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। इसके बाद आरोपियों ने 10 जून को विधायकपुरी क्षेत्र के पांचबत्ती इलाके तथा 11 जून को चांदपोल स्थित हनुमान मंदिर के बाहर भी चेन स्नेचिंग की वारदात की। वहीं 16 जून को एमआई रोड पर भी एक महिला की चेन छीनने का प्रयास कियाए लेकिन असफल रहने पर फरार हो गए। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी पंजाब से अजमेर पहुंचे थे, लेकिन मौका नहीं मिलने पर जयपुर आ गए। यहां वे पहले बाइक चोरी करते और फिर उसी बाइक से सोडाला, मालपुरा गेट, विधायकपुरी, कोतवाली और बजाज नगर थाना क्षेत्रों में महिलाओं को निशाना बनाकर चेन स्नेचिंग करते थे। वारदातों के दौरान दोनों शहर के विभिन्न होटलों में ठहरते थे। वहीं इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सोडाला थानाधिकारी बलवीर कस्वां के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। सीएसटी और सोडाला थाना पुलिस ने तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर आरोपियों का पीछा करते हुए पंजाब तक दबिश दी। बाद में उनके जयपुर लौटने की सूचना मिलने पर मोबाइल लोकेशन के आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने जयपुर शहर में छह वारदातें करना स्वीकार किया है। पुलिस अब उनसे चोरी की गई चेन और मोटरसाइकलों की बरामदगी के साथ-साथ अन्य वारदातों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में सीएसटी के पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल नरेन्द्र कुमार, रामोतार तथा कांस्टेबल कृष्णपाल, धर्मी, मैनेजर खान, ओमप्रकाश, सियाराम और चालक रामनिवास की विशेष भूमिका रही। वहीं सोडाला थाना टीम में उप निरीक्षक दिलीप सिंह, हेड कांस्टेबल रामनारायण तथा कांस्टेबल गणेशराम, जयपाल और राजकुमार शामिल रहे।

## संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा पहुंचे राजलदेसर शहरी सेवा शिविर में

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** बीकानेर संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने राजलदेसर नगर पालिका में शहरी सेवा शिविर में निरीक्षण के लिए 4 बजे पहुंचे । निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से अब तक शिविर की प्रगति रिपोर्ट मांगी लेकिन किसी कर्मचारी ने संतोषजनक रिपोर्ट नहीं दी जिससे एवं शिविर में जनता के किसी तरह के काम नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की मौके पर ही उन्होंने उच्च अधिकारियों को मोबाइल से वार्ता की एवं शिविर में व्यवस्था की जानकारी दी साथ ही मौके पर ही उन्होंने नगर पालिका के कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी सहदेव चारण से वार्ता की एवं शिविर में कर्मियों को लेकर नाराजगी व्यक्त की साथ ही मानसून से पूर्व की बरसात से पानी की निकासी नहीं होने के कारण एवं गंदे नालों की सफाई नहीं होने के कारण उपस्थित कर्मचारियों को लगाई जमकर फटकार। गेनाणी मैं लगे जनरेटर पम्प सेट में डीजल नहीं होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो रही थी इसको लेकर भी अधिशासी अधिकारी एवं कनिष्ठ अभियंता को भी फटकार लगाते हुए कहा कि अभी तक मानसून आया ही नहीं मानसून से पूर्व यह हालत है मानसून में क्या हालात होंगे उन्होंने अधिकारियों को कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी शिविर के अंदर आए रजिस्टर के अंदर हर समस्या उनके नोट होनी चाहिए साथ ही उनके कार्य होने चाहिए। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष विष्णु प्रजापत, सामाजिक कार्यकर्ता लाभचंद सोनी ने नगर पालिका में भ्रष्टाचार को लेकर आरोप लगाते हुए कहा कि लंबे समय से नगरपालिका में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है सबको मालूम है लेकिन किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हो रही है अनेकों बार उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है साथ ही सरकार की जो योजना चल रही है उन योजना का आम जन को किसी तरह का प्रचार प्रसार के अभाव के कारण एवं लापरवाह कर्मचारियों की वजह से लाभ नहीं मिल रहा है इस अवसर पर संभागीय आयुक्त ने अधिशासी अधिकारी को अपनी गाड़ी में बिठाकर रतनगढ़ के लिए रवाना हो गए एवं जिस मार्ग से गुजर रहे थे चारों तरफपानी पानी नजर आ रहा था। वही संभागीय आयुक्त ने सभी कर्मचारियों की क्लास ली एवं उनकी प्रगति रिपोर्ट के बारे में अपनी डायरी में नोट किया साथ ही आयुक्त विश्राम मीणा ने पंप सेट चलाने वाले चालक से वार्ता की पूछा गया कि डीजल के अंदर तेल है या नहीं उन्होंने कहा लाइट गई हुई है तेल नहीं है उसके कारण मशीन नहीं चल रही है।

## प्रेस क्लब बाल अभिरूचि शिविर में हंसी मजाक में यातायात नियमों की सीख दे गए पी.के मस्त




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से आयोजित बाल अभिरूचि शिविर 2026 का गुरुवार का यातायात पुलिस अधिकारी प्रवीण कुमार पी.के. मस्त ने अवलोकन कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। पी.के. मस्त ने हंसी मजाक में बच्चों को यातायात नियमों की सीख दी। बच्चों को शिविर के दौरान लोकनृत्य, कथक, नाटक, मार्शल आर्ट, योगा, ड्राईंग एण्ड पेंटिंग, वेर्स्टन डांस इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बच्चों से संवाद करते हुए पी.के. मस्त ने यातायात नियमों से वाहन चलाने एवं सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। उन्होनें बच्चों को रेड, ग्रीन, येलो लाइट, जेब्रा कॉसिंग, सड़क का धुमाव, चलने की गति, सड़क का लेन सिस्टम एवं नेशनल हाईवे पर सुरक्षा, साइन बोर्ड, चेतावनी एवं हेलमेट का उपयोग की जानकारी देते हुए बताया कि हमें सड़क पर सुरक्षित तरीके से आईएसआई का हेलमेट एवं वाहन को अपडेट रखना चाहिए। सड़क सुरक्षा कर्मी हमारी सुरक्षा के लिए तैनात रहते है, बच्चों उनसे डरना नही बल्कि यातायात नियमों से वाहन चलाना चाहिए। हमें अपने माता-पिता को भी बिना हेलमेट वाहन नही चलाने देना चाहिए। उन्होनें प्रेस क्लब पदाधिकारियों को इस आयोजन के लिए साधुवाद दिया। उन्होने कहा कि गर्मियों की छुट्टी के दौरान बाल अभिरूचि शिविर के माध्यम से बच्चों का सर्वागीण विकास होता हैं। बच्चों को अपनी रूचि के अनुसार अनेक विधाओं में भाग लेने का अवसर मिलता है। इसके लिए प्रबन्ध कार्यकारिणी को साधुवाद देता हूॅ। उन्होनें बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा एवं महासचिव राजकुमार शर्मा, शिविर संयोजक अनिता शर्मा ने अतिथि प्रवीण कुमार का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## आयरनमैन फ्रेंस प्रतियोगिता में जयपुर के राजेंद्र भास्कर ने रचा इतिहास

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान के वरिष्ठ ट्रायथलीट राजेंद्र भास्कर ने फ्रांस के टूर्स मेट्रोपोल लॉयर वैली में आयोजित प्रतिष्ठित आयरनमैन फ्रांस प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक पूरा कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने 226 किलोमीटर की कठिन चुनौती को 10 घंटे 6 मिनट 31 सेकंड में पूरा कर आयरनमैन का खिताब हासिल किया। प्रतियोगिता में 90 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। राजेंद्र ने 3.8 किलोमीटर तैराकी 1 घंटा 27 मिनट 55 सेकंड, 180 किलोमीटर साइकिलिंग 5 घंटे 18 सेकंड तथा 42.2 किलोमीटर मैराथन दौड़ 3 घंटे 26 मिनट 53 सेकंड में पूरी की। उनका कुल समय 10:06:31 रहा। राजेंद्र इससे पहले वर्ष 2019 में तुर्की में आयोजित आयरनमैन 70.3 प्रतियोगिता में 4 घंटे 29 मिनट का समय निकालकर राजस्थान के सबसे तेज हाफआयरनमैन बने थे। वे राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं तथा चेन्नई ट्रायथलॉन के विजेता भी रह चुके हैं। वर्तमान में वे राजस्थान के सबसे तेज आयरनमैन और देश के शीर्ष पांच आयरनमैन खिलाड़ियों में शामिल हैं। खेल उपलब्धियों के अलावा राजेंद्र स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी सक्रिय रहे हैं। उन्होंने सोलर साइकिल से 7,424 किलोमीटर की यात्रा तथा फ्रांस, स्विट्जरलैंड सहित कई देशों में 3,500 किलोमीटर की साइकिल यात्रा कर जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विश्वविद्यालयों में व्याख्यान भी दिए। आईआईटी मुंबई से एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग में बीटेक एवं एमटेक कर चुके राजेंद्र वर्तमान में हेल्थ टेक क्षेत्र में कार्यरत हैं। उनका अगला लक्ष्य विश्व स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 10 घंटे की बाधा को तोड़कर और बेहतर प्रदर्शन करना है।

# क्षेत्र में बदला मौसम का मिजाज, पैड़ हुए धराशाही, उड़ी सोर उर्जा प्लेट

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र में गुरुवार को हुई प्री मानसून की भारी बारिश की वजह लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुरुवार की दोपहर सूंटे के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ, जो लगभग 50 मिनट तक चला। उसके बाद रूक-रूककर बारिश का दौर गुरुवार की शाम तक जारी रहा। शहर में 50 मिनट में दो इंच बारिश दर्ज की गई। सूंटे के साथ आई बारिश की वजह से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़ उखड़ गए तथा कई स्थानों पर बिजली के पोल धराशाही हो गए। शहर व आसपास के गांवों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गई, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। भारी बारिश के चलते रतनगढ़ शहर का स्टेशन सड़क मार्ग, बस स्टैंड, उत्तरी बाजर, मोरी बाजार, उपखंड मुख्यालय के आगे, पोस्ट ऑफिस सड़क मार्ग, हुडेरा सड़क मार्ग, चूरू व सरदारशहर बाईपास सड़क मार्ग पर पानी एकत्रित हो गया। सराफ कुए के पास अंबेडकर नगर में चार से पांच फूट तक, उत्तरी बाजार में चार फूट तक एवं चूरू रोड पर दो से ढाई फूट तक पानी भर जाने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। उत्तरी बाजार में लगभग 20 दुकानों में बारिश का पानी घुस गया तथा इस बाजार में खड़ी कारें भी आधी पानी में डूब गई। व्यापारी दुकान में रखे सामान को पानी से बचाने की मशक्कत में जुटे रहे। वार्ड संख्या तीन, 28, 42 में लगभग आधा दर्जन स्थानों पर पेड़ गिरने से बिजली के तार टूट गए। वहीं कई क्षेत्रों में बिजली के पोल भी धराशाही हो गए। शहर में ड्रेनेज योजना अंतर्गत बने पांच पंप हाउस लगातार पानी को बूस्ट कर रहे हैं, गुरुवार शाम तक कई क्षेत्रों में एक से डेढ़ फूट तक पानी का स्तर नीचे आया है।

उत्तरी बाजार के व्यापारी मनोज खेतान, रामगोपाल चौधरी, गोविंद खेतान ने बताया कि पानी की निकासी काफी धीरे हो रही है। बारिश रूकने के एक घंटे बाद भी मात्र एक फूट पानी नीचे आया है। व्यापारियों ने बताया कि पालिका ने इस बार नालों की सफाई नहीं करवाने की वजह से पानी निकासी धीमी रही है। वहीं पालिका के सफाई निरीक्षक शुभकरण चांवरिया ने बताया कि लगातार पानी निकासी हो रही है और सभी बूस्टरों पर लगे पंपसैट अपनी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं।



## गुरु-पुष्य नक्षत्र पर श्री नहर के गणेशजी का पंचामृत अभिषेक

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित अतिप्राचीन दाहिनी सूंड एवं दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेशजी महाराज मंदिर में गुरूवार को गुरु-पुष्य नक्षत्र के पावन अवसर पर गुरुवार को विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। इस दौरान प्रथम पूज्य भगवान गणेश का मंदिर परिवार की ओर से दूर्वा मार्जन एवं पंचामृत से अभिषेक किया गया। मंदिर के युवाचार्य पंडित मानव शर्मा ने बताया कि प्रातः 11 बजे शुभ मुहूर्त में मंदिर महंत पंडित जय शर्मा के सान्निध्य में भगवान गजानंद का दूर्वा मार्जन के साथ पंचामृत अभिषेक संपन्न कराया गया। अभिषेक के बाद गणेशजी महाराज को नवीन पोशाक धारण कराई गई तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती की गई। सायंकाल मंदिर में 251 दीपकों से भव्य महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महाआरती के पश्चात मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को सुख-समृद्धि एवं विघ्न निवारण का प्रतीक रक्षा सूत्र वितरित किए गए। गुरु-पुष्य नक्षत्र के अवसर पर आयोजित इस विशेष धार्मिक कार्यक्रम में भक्तों ने भगवान गणेश से परिवार की सुख-समृद्धि, मंगल एवं कल्याण की कामना की।

## सीए परीक्षा में चिड़ावा के चार होनहार सफल, अग्रवाल समाज ने दी बधाई






शिवम शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** देशभर में चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए की परीक्षा आयोजित करने वाली इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा गुरुवार को घोषित परिणाम में चिड़ावा के अग्रवाल समाज के चार होनहारों ने सफलता हासिल कर परिवार, समाज और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही परिजनों और समाजजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। सीए परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों में इलेक्ट्रॉनिक्स व्यवसायी अशोक गोयल की बेटी रिया गोयल, साउंड सिस्टम संचालक सुशील फतेहपुरिया की बेटी वंशिका फतेहपुरिया, वापी प्रवासी विमल केडिया के बेटे अर्पित केडियाए सूरत प्रवासी मिठाई व्यवसायी सुनिल केडिया खरातिका के बेटे प्रियांशु केडिया शामिल है। इन प्रतिभाओं की सफलता पर अग्रवाल समाज में हर्ष का माहौल है। पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के निवर्तमान कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष झंडीप्रसाद हिम्मतरामका, अग्रवाल जन कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष दामोदरप्रसाद हिम्मतरामका, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश मालानी, युवा वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अनुज भगेरिया, वरिष्ठ व्यवसायी रमेश गाडिया, अग्रवाल जन कल्याण समिति के संस्थापक महामंत्री पूर्व प्रिंसिपल प्रदीप मोदी, श्रीकांत हलवाई, महेश सर्राफ, अग्रवाल जन कल्याण समिति के पूर्व महामंत्री कृष्ण कुमार बाछुका, राकेश बाछुका, अनिल रामभरोसा, युवा वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विष्णु चौधरी, लक्ष्मीकांत अडूकिया, राकेश वेद, पूर्व सहवृत्त सदस्य कपिल भगेरिया, कन्हैया लाठ, प्रकाश मोदी, राजेश वेद, मुरारी किठानिया, महेश मोदी, गणेश अग्रवाल, किशन गोयल, युवा अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र मोदी, दिनेश झुंझुनूंवाला, रजनीकांत ककरानिया पिंटू, अमित सुशील गोयल, विजेंद्र गोयल दिलखुश, सौरभ-राहुल सुलतानिया, पूर्व सहवृत्त सदस्य एवं बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य मनीषा केडिया, सीए महेश मोदी, प्रशांत पिचानवेवाला, आशीष अग्रवाल गाडाखेड़ा, पुनित मोदी, वैभव बगड़िया, नितिन केडिया आदि ने बधाई दी है। समाजजनों ने कहा कि इन युवाओं ने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। जो आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। समाज के लोगों ने सफल विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वे अपने पेशेवर जीवन में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

# जूनागढ़ में गूंजा योग का संदेश, तीन दिन शेष रहने पर विद्यार्थियों ने बनाई 3 की आकृति

निसं

**बीकानेर ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर जिले में योग जागरूकता गतिविधियां निरंतर जारी हैं। गुरुवार को राजकीय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा एकीकृत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जिले की ऐतिहासिक धरोहर जूनागढ़ किले के अंदर एवं बाहर सामूहिक योगाभ्यास कर योग का संदेश दिया। योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष शेषमा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में तीन दिन शेष रहने का संदेश देते हुए जूनागढ़ परिसर में 3 की आकृति बनाकर योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। इस अवसर पर आयुर्वेद विभाग के सहायक निदेशक डॉ. रिडमल सिंह राठौड़, डॉ. कौशल्या सैनी, डॉ. हरिराम शर्मा, डॉ. इरशाद रफीक तथा डॉ. राजकुमार कुमावत उपस्थित रहे।



### योगा फॉर हेल्दी एजिंग थीम पर होगा आयोजन

आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला नोडल अधिकारी डॉ. पवन कुमार पारीक ने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की वैश्विक थीम योगा फॉर हेल्दी एजिंग निर्धारित की गई है। इसी थीम के अनुरूप जिलेभर में विभिन्न जागरूकता, प्रशिक्षण एवं योग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**50 दिवसीय योग दिवस काउंटडाउन अभियान जारी**-डॉ. पारीक ने बताया कि जनमानस में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में 2 मई से 20 जून तक 50 दिवसीय योग दिवस काउंटडाउन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के सभी 57 आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष केन्द्रों, सभी तहसील मुख्यालयों तथा जिला मुख्यालय के विभिन्न पार्कों में नियमित योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**21 जून को प्रातः 6 से 8 बजे तक होगा मुख्य समारोह**-डॉ. पारीक ने बताया कि 21 जून को प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। योग करने की व्यवस्था की इसके साथ ही जिला मुख्यालय, सभी ब्लॉक उपखंड मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायत स्तर पर भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित होंगे।

**पांच प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भी होंगे विशेष योग कार्यक्रम**-डॉ. पारीक ने बताया कि जिले में योग को जन.जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस वर्ष पांच प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों को भी योग अभियान से जोड़ा गया है। पिछले वर्ष पुनरासर, देशनोक एवं कोलायत में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इस वर्ष मुकाम मंदिर एवं कोडमदेसर मंदिर को भी अभियान में शामिल किया गया है। इन स्थलों पर विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिकाधिक श्रद्धालुओं एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जिलेवासियों से 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन की दिशा में योग को अपनाने का आह्वान किया।

## खाटूश्यामजी नगरपालिका मे आईटी कार्यालय स्थापित करने को लेकर आईटी यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग राजस्थान सरकार द्वारा विभिन्न नवसृजित शहरी निकायों में विभागीय पदों का सृजन किया जा चुका है लेकिन खाटूश्यामजी नगरपालिका बनने के काफी समय पश्चात भी विभाग का कार्यालय स्थापित नहीं किया गया है। इसको लेकर आईटी यूनियन सीकर के जिलाध्यक्ष राकेश थालोड़ के नेतृत्व में आईटी विभाग के संयुक्त निदेशक सत्यनारायण चौहान को ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि खाटूश्यामजी देश-विदेश में विख्यात एक प्रमुख धार्मिक स्थल है जहां प्रतिदिन हजारों तथा विशेष अवसरों पर लाखों श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं। बढ़ती जनसंख्या, तीर्थ यात्रियों की संख्या एवं नगर के निरंतर विकास को देखते हुए सूचना प्ौद्योगिकी आधारित सेवाओं की आवश्यकता निरंतर बढ़ रही है। राज्य सरकार की विभिन्न डिजिटल योजनाओं, ऑनलाइन सेवाओं, नेटवर्क प्रबंधन, तकनीकी सहायता तथा आईटी संरचना के प्रभावी संचालन हेतु विभाग का स्थानीय स्तर पर उपस्थित अत्यंत आवश्यक है। जिला प्रवक्ता संजय धुवारिया ने बताया कि विभागीय कार्यालय की स्थापना से न केवल विभागीय योजनाओं एवं परियोजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा बल्कि नगरपालिका क्षेत्र के अन्य विभागों तथा आम नागरिकों को भी त्वरित तकनीकी सहायता उपलब्ध हो सकेगी। ज्ञापन देने के दौरान जिलाध्यक्ष राकेश थालोड, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र कुमावत व नरेंद्र वर्मा, प्रवक्ता संजय धुवारिया, संयुक्त सचिव सनन्दन शर्मा, अरविन्द चौधरी, डालूराम, सुरेश ओला, महावीर बड़केशिया, मनेश ढाका, विजेंद्र सिंह, लोकेन्द्र सिंह, अशोक कुलहरी, नितिन, सुनील, मनीष, संदीप, श्रीराम सैनी, सतीश सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे



## वार्ड नं.10, 11, 12 के वाशिन्दों के लिए लगा समस्या समाधान शिविर

सुजानगढ़ (नवयत्न)।

शहरी समस्या समाधान शिविर 2026 के अन्तर्गत गुरूवार को वार्ड नं. 10, 11, 12 तक का शिविर नगर परिषद कार्यालय में आयोजित किया गया। शिविर में कृषि भूमि पट्टा 5, नवीनीकरण 2, निर्माण अवधि से विस्तार के प्रकरण 3, पट्टा हस्तान्तरण 1 तथा लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टे 2 पत्रावलियों का मौके पर निस्तारण किया गया। यू.डी. टैक्स के आवेदन 4, जीवीपी 4, सीवर कनेक्शन 13, नाली मरम्मत 1, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 44, स्ट्रीट लाईट 4, ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र 2, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2, वृक्षारोपण 20 के प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारित किया गया। इसी प्रकार विद्युत सप्लाई में व्यवधान के 5, ढीले तारों को व्यवस्थित 3 प्रकरण प्राप्त हुए। चिकित्सा शिविर के अन्तर्गत 520 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य 140 के प्रकरण प्राप्त हुए। एन.सी.डी. 330 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में निर्वतमान पार्षद गौरव इन्दौरिया, पंकज घासोलिया, हरिहोम खोड, लियाकत, मनोज पारीक, निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप तोदी, पन्नालाल सोनी ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।




## मूंडरू और आसपुरा में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 12 जून से 15 जुलाई 26 तक ग्रामीण सेवा शिविर 2026 चलाया जा रहा हैं। जिसके अंतर्गत लगभग 22 विभागों के चिन्हित कार्यों का मौके पर निष्पादन एवं समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को पंचायत समिति श्रीमाधोपुर की ग्राम पंचायत मुण्डरू व पंचायत समिति अजीतगढ़ की ग्राम पंचायत आसपुरा में शिविरों का आयोजन किया गया। जिनमें राजस्व विभाग के ऑनलाइन प्रमाण पत्र 210, शुद्धिकरण 49, सीमा ज्ञान पथरगढ़ी 2, नामांतरण-9, रास्ते-1 प्रकरणों का निस्तारण किया गया तथा अन्य विभागों में पंचायती राज विभाग के 20, ऊर्जा विभाग के 84, खाद्य विभाग के 12, समाज कल्याण विभाग के 3, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 17, परिवहन विभाग के 18, सहकारिता विभाग के 5, शिक्षा विभाग के 35, सार्वजनिक निर्माण विभाग के 2, श्रम विभाग के 3, आयोजना विभाग के 38, सैनिक कल्याण विभाग के 3 प्रकरणों का निस्तारण किया जाकर कुल 2535 लाभार्थियों को लाभांवित किया गया। बताया गया है कि शुक्रवार 19 जून 2026 को पंचायत समिति श्रीमाधोपुर की ग्राम पंचायत फुटाला व पंचायत समिति अजीतगढ़ की ग्राम पंचायत पीथलपुर में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।



## सम्पादकीय

# संकट में क्षेत्रीय दल



तृणमूल कांग्रेस के बाद शिवसेना-उद्धव गुट के नौ में से छह लोकसभा सदस्यों की ओर से शिवसेना-शिंदे में शामिल होने की तैयारी केवल यही नहीं बताती कि वे सत्तापक्ष के साथ जाने को आतुर हैं, बल्कि यह भी रेखांकित करती है कि भारतीय राजनीति में मौकापरस्ती बढ़ती जा रही है। शिवसेना में यह दूसरी टूट है।

इसके पहले भी उसके विधायक एवं सांसद टूट चुके हैं और पार्टी अपना चुनाव चिह्न भी गंवा चुकी है। उसके लिए इस एक और झटके से उबर पाना कठिन होगा। अब उसके सामने अपना अस्तित्व बचाने का संकट है। अपने इस संकट और बिखराव के लिए वही अधिक जिम्मेदार है। यदि उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बनने के लालच में धुर विरोधी कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से हाथ नहीं मिलाते तो शायद आज उनके दल की स्थिति कुछ और होती।

उद्धव ठाकरे ने सत्ता के लिए अपनी पुरानी साझीदार और वैचारिक रूप से करीबी भाजपा से केवल नाता ही नहीं तोड़ा, बल्कि इसी के साथ अपनी विचारधारा को भी ताख पर रख दिया। शिवसेना उन कुछ क्षेत्रीय दलों में से थी, जिसकी अपनी एक विचारधारा थी। वह मूलत: अपनी विचारधारा से भटकने के कारण ही बिखरी।

तृणमूल कांग्रेस की तो कोई विचारधारा ही नहीं थी। केवल सत्ता पाना और उसमें येन-केन-प्रकारेण बने रहना ही उसकी राजनीति का केंद्र बिंदु था। यह केंद्र बिंदु हटते यानी सत्ता जाते ही वह बिखर गई। क्षेत्रीय दलों की समस्या केवल यही नहीं कि उनमें से कुछ की ही विचारधारा है। एक समस्या यह भी है कि वे अलोकतांत्रिक तरीके और किसी निजी कंपनी की तरह चलते हैं। ऐसे दलों में पार्टी प्रमुख या परिवार विशेष ही सब कुछ होता है। उसके आगे किसी की नहीं चलती। लोकतंत्र में अधिनायकवादी तरीके से चलने वाले दलों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए, लेकिन अपने देश की राजनीति का दुर्भाग्य यह है कि अनेक दल इसी तरह चलते हैं। प्राय: यही उनके बिखराव का कारण बनता है। क्षेत्रीय दलों में बिखराव का संकट इसलिए और बढ़ गया है, क्योंकि उनके जनप्रतिनिधियों के लिए राजनीति का मतलब अवसरवाद हो गया है। वे कभी भी दल बदल लेते हैं। ज्यादातर मौकों पर पद या पैसे के लालच अथवा अन्य किसी राजनीतिक लाभ के लिए दलबदल किया जाता है। किसी के दल बदलने में हर्ज नहीं, लेकिन ऐसा करने के पहले यह आवश्यक है कि वे विधायक या सांसद पद से त्यागपत्र दें। ऐसा न करना जनादेश का निरादर है। लगभग सभी राजनीतिक दल समय-समय पर दलबदल को बढ़ावा देते रहे हैं। दलबदल रोधी कानून के बावजूद विधायकों-सांसदों के टूट का सिलसिला कायम है। हालांकि इस कानून को कठोर बनाया जा चुका है, लेकिन वह भी प्रभावी सिद्ध नहीं हो रहा है, क्योंकि अब दलबदल को हेय दृष्टि से नहीं देखा जाता।

## विशेष आलेख

# अब फिर रूस पर शिकंजा कसने की तैयारी



ईरान युद्ध के समय ट्रंप जी-7 के सदस्यों को भरोसे में लेने में नाकाम रहे थे। फ्रांस की बैठक भी लीपापोती ही है। ईरान से छूटे, तो ट्रम्प अपने देश और दुनिया का ध्यान यूक्रेन पर दोबारा शिफ्ट करना चाहते हैं। ईरान से युद्ध में पूरी दुनिया को कितना आर्थिक नुकसान हुआ? यह सवाल जी-7 में आये किसी नेता ने नहीं उठाया, सबके सब ट्रम्प की जी-हुजूरी में लगे रहे।

जी-7 (ग्रुप ऑफ़ सेवन) नेताओं का शिखर सम्मेलन आखिकार समाप्त हो गया। जी-7 के मंच पर उभयपक्षीय बातचीत के दौरान मोदी ने ट्रंप से कहा, 'भारतीय नाविकों की सुरक्षा ज़रूरी है।' मोदी ने यह भी कहा, कि उन्हें खुशी है भारतीय और अमेरिकी टीमें लक्ष्यों को हासिल करने के लिए मिलकर काम कर रही हैं। मोदी ने 'अमेरिका के साथ संबंधों में नई गति और ऊर्जा' पर ज़ोर दिया। फ्रेंच आल्प्स के एवियन-लेस-बेन्स में होटल रॉयल में, जहां जी-7 समिट के लिए जर्मनी, कनाडा, अमेरिका, फ्रांस, इटली, जापान, यूके और यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि इकट्ठा हुए थे, अमेरिकी राष्ट्रपति ने बार-बार सभी से कहा कि ईरान के साथ उनकी 'डील' 'ज़बरदस्त' थी।

दुनिया की सात सबसे बड़ी विकसित अर्थव्यवस्थाओं के समूह में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। जी-7 में यूरोपीय संघ का भी प्रतिनिधित्व है। बुधवार सुबह जारी एक बयान में, जी-7के नेताओं ने रूसी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ाने का संकल्प लिया। नेताओं के बयान में कहा गया, 'इस नई गति को समर्थन देने और तेज़ करने के लिए, हम एयर डिफेंस क्षमताएं, इंटरसेप्टर तथा लंबी दूरी की युद्धक क्षमताएं उपलब्ध कराने को बढ़ाने पर सहमत हैं। हम अपने प्रतिबंधों को और मज़बूत करेंगे, जिसमें तेल और गैस सेक्टर पर लगाए गए प्रतिबंध भी शामिल हैं।'

यह बयान उस सकारात्मक माहौल को दर्शाता है जो मंगलवार को तब बना था जब जी-7 नेताओं ने अपने पहले आधिकारिक एजेंडे की शुरुआत करते हुए बैठक में सबसे पहले यूक्रेन पर चर्चा की थी। इस साल की बैठक के मेज़बान इमैनुएल मैक्रों ने शिखर सम्मेलन में विशेष अतिथि के तौर पर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की को आमंत्रित करके यह स्पष्ट कर दिया था कि यूक्रेन जी-7 के एजेंडे में सबसे ऊपर है। पिछले कुछ महीनों में ट्रंप प्रशासन ईरान के साथ चल रहे तनाव में उलझा हुआ था। लेकिन उससे पहले ही, उनके प्रशासन ने यूक्रेन की मदद करने की ज़िम्मेदारी यूरोपीय सहयोगियों पर छोड़ दी थी, और ईयू ने इस ज़िम्मेदारी को बखूबी निभाया है।

27 सदस्यीय ईयू यूक्रेन को सबसे ज़्यादा आर्थिक मदद देने वाला संगठन बन चुका है। ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि ईरान युद्ध के दौरान तेल की कीमतें कम करने के लिए रूस पर जो प्रतिबंध हटाए गए थे, उन्हें फिर से लागू किया जा सकता है, क्योंकि अब होर्मुज जलडमरूमध्य से ज़्यादा तेल की आवाजाही हो रही है। ट्रंप ने यह भी कहा कि 'रूस को यूक्रेन के ख़िलाफ़ युद्ध खत्म करने के लिए समझौता करना चाहिए' और साथ ही कहा कि वह 'जो कुछ भी कर सकते हैं, करेंगे।' यह उन यूरोपीय नेताओं के लिए अच्छी खबर थी जो यूक्रेन को समर्थन देने से जुड़े सवालों का सामना करने के लिए पूरी तैयारी के साथ आए थे।

अमेरिकी प्रेस में लीक हुई कुछ जानकारियों से पता चलता है कि अमेरिका ईरानी तेल पर लगी पाबंदियां हटाने के लिए तैयार हो सकता है, जिससे ईरान को अपने फंड फिर से भरने का मौका मिलेगा। इसके बदले में ईरान को बस यह वादा करना होगा कि वह कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। ट्रंप ने कहा कि ईरान का मुद्दा जल्द ही 'पीछे छूट जाएगा', लेकिन अभी के लिए वह 'ईरान पर ध्यान केंद्रित' किए हुए हैं। जानकारों का कहना है कि रूस अब थकने लगा है। यूक्रेन की ड्रोन युद्ध क्षमता जैसे कि लंबी दूरी के ड्रोन लॉन्च करने की उसकी काबिलियत, जिसका इस्तेमाल उसने इस महीने की शुरुआत में सेंट पीटर्सबर्ग में एक सैन्य ठिकाने को निशाना बनाने के लिए किया था- एक बड़ी वजह है जिसने उसे रूस द्वारा हासिल की गई बढ़त को पलटने में मदद की है। हालांकि, समिट से ठीक पहले, ट्रंप ने मीडिया और सोशल नेटवर्क दोनों पर जी-7 नेताओं की कड़ी आलोचना की। उन्होंने इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की हिम्मत पर सवाल उठाए और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ को सार्वजनिक रूप से सलाह दी कि वे अमेरिका की आलोचना करने के बजाय 'अपने बिखरते हुए देश पर ध्यान दें'।

उन्होंने यह भी धमकी दी थी कि अगर पेरिस, गूगल, एप्पल और अमेज़न जैसी अमेरिकी टेक्नोलॉजी कंपनियों पर अपना डिजिटल टैक्स नहीं हटाता है, तो वे फ्रांसीसी वाइन और शैंपेन पर 100 फीसद टैरिफ लगा देंगे। पेरिस अपनी बात पर अड़े रहते हुए कैसे अपनी 'इज्जत बचाएगा', यह अभी साफ़ नहीं है। यह भी उम्मीद है कि ट्रंप अपने सहयोगियों पर ईरान के साथ भविष्य के समझौते से जुड़े खर्चों को बांटने के लिए दबाव डालेंगे। भारी कर्ज में डूबे देशों से ऐसा करने की उम्मीद कैसे की जा सकती है, यह भी उतना ही अनिश्चित है।

अगस्त, 2025 में अलास्का के एंकरेज में ट्रंप ने रूसी नेता के लिए जो रेड कार्पेट बिछाया था, उसका कोई नतीजा नहीं निकला। अब अमेरिकी राष्ट्रपति को आखिरकार अपने यूरोपीय सहयोगियों की उस सलाह पर ध्यान देना चाहिए जिसे वे लगातार दोहराते रहे हैं। उनका हमेशा से यही कहना रहा है कि ताकत का प्रदर्शन ही व्लादिमीर पुतिन को इस विनाशकारी और आक्रामक युद्ध को खत्म करने के लिए मजबूर कर सकता है-एक ऐसा युद्ध जो अब प्रथम विश्व युद्ध से भी ज़्यादा समय तक खिंच चुका है।

अमेरिका और ज़्यादातर जी-7 सदस्यों के बीच इतने सारे मुद्दों पर मतभेद हैं, जैसे कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा नीतियों से लेकर डिजिटल संप्रभुता तक। ये बयान जारी तो कर देंगे, लेकिन कि एवियन समिट से कोई ऐसा ठोस नतीजा निकलने की उम्मीद कम ही रही। ईरान युद्ध के समय ट्रंप जी-7 के सदस्यों को भरोसे में लेने में नाकाम रहे थे। फ्रांस की बैठक भी लीपापोती ही है। ईरान से छूटे, तो ट्रम्प अपने देश और दुनिया का ध्यान यूक्रेन पर दोबारा शिफ्ट करना चाहते हैं। ईरान से युद्ध में पूरी दुनिया को कितना आर्थिक नुकसान हुआ? यह सवाल जी-7 में आये किसी नेता ने नहीं उठाया। सबके सब ट्रम्प की जी-हुजूरी में लगे रहे। विश्व के चुनींदा नेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी फ्रांस के एवियन में आयोजित जी-7 समिट में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने कई अहम द्विपक्षीय बैठके कीं।

इनमें सबसे खास थी 16 महीनों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी पहली आमने-सामने की मुलाक़ात। इस वास्ते मैक्रों और मेलोनी ने माहौल बनाया था। पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया में तनाव कम करने और क्षेत्र में शांति पहल को आगे बढ़ाने के ट्रंप के प्रयासों की भी सराहना की। ट्रंप ने दोनों देशों के बीच बढ़ती रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी पर प्रकाश डाला, प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों को भी रेखांकित किया।

ट्रंप बोले, 'फ्रांस में हमारी कुछ शानदार बैठकें हुईं... यह एक जी-7 है। और फिर हमारे पास एक जी20 आ रहा है। हम व्यापार सौदे कर रहे हैं... संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच बहुत-सी चीजें हो रही हैं। हमारे बीच हमेशा अच्छे रिश्ते रहे हैं। पीएम मोदी 'शांत', और 'कूल' स्वभाव के हैं।'

## स्वास्थ्य समाचार

# बैड बॉडी पॉश्चर की समस्या को दूर करने के लिए इन हैक्स की लें मदद

जब बात बैड बॉडी पॉश्चर की होती है, तो अक्सर लोग केवल कमर दर्द व गर्दन दर्द की ही बात करते हैं। यह सच है कि बैड बॉडी पॉश्चर के कारण व्यक्ति को इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन बैड बॉडी पॉश्चर की समस्या इससे भी कहीं अधिक बड़ी है। आपको बैड बॉडी पॉश्चर के कारण सिरदर्द व तनाव हो सकता है। साथ ही इससे आपकी सेल्फ इमेज पर भी नेगेटिव असर पड़ सकता है और तरह-तरह की चोट लगने का खतरा भी बढ़ जाता है। अमूमन यह देखने में आता है कि अपने बैड बॉडी पॉश्चर को सुधारने के लिए लोग सिर्फ एक्सरसाइज का ही सहारा लेते हैं। लेकिन इसके अलावा भी ऐसे कुछ आसान हैक्स होते हैं, जो आपके बॉडी पॉश्चर को सुधारने में मदद कर सकते हैं।

### यूं उठाएं सामान

यह देखने में आता है कि लोग अक्सर एक ही तरफ से भारी सामान उठाते हैं और उसे ले जाते हैं। लेकिन ऐसा करने से बचें। इससे आपके कंधों पर झुकाव होता है और आपका बॉडी पॉश्चर भी खराब होता है।

### बैठते समय रखें ध्यान

जब आप बैठ रही हैं तो ऐसे सोफे पर बैठने से बचें जो अत्यधिक नरम और सपोर्टिव ना हों। इससे आपको एक बेहतर पोजिशन मेंटेन करने में समस्या होगी। इसके अलावा अपने पैरों को टाइटली क्रॉस करके बैठने से बचें, क्योंकि यह आपके पेल्विस को ट्विस्टेड पॉश्चर में रखता है और आपके पैरों में रक्त के संचार को कम करता है।

### एडजस्ट करें सीट

यह एक सिंपल हैक है, लेकिन आपके बॉडी पॉश्चर को सुधारने में बहुत अधिक मददगार है। कई बार ऐसा होता है कि आपकी सीट टेबल की हाइट से बहुत ऊंची या नीची होती है। जिसके कारण आप अपनी गर्दन को झुकाकर काम करतेहैं। इससे आपका बॉडी पॉश्चर खराब होता है और गर्दन में दर्द की समस्याहोती है। इसलिए, जब भी काम करें तो पहले अपनी सीट को एडजस्ट करें। ध्यान दें कि आपके कंप्यूटर की स्क्रीन आपके आई लेवल के बराबर हो।

### पैरों से जुड़ा हैक

वर्किंग लोग अधिकतर अपना समय बैठकर बिताते हैं, जिसके कारण बॉडी पॉश्चर को सुधारने के लिए आपको इस हैक की मदद लेनी चाहिए। ध्यान दें कि बैठते समय आपका वजन हिप्स व पैरों पर समान रूप से वितरित हो। इसके लिए आप अपने घुटनों को हल्का सा बेंड करके अपने पैरों को जमीन पर रखें। यदि आपके पैर जमीन तक नहीं पहुंच सकते हैं, तो आप फुटरेस्ट भी खरीद सकती हैं।

### जब करें मोबाइल फोन का इस्तेमाल

अमूमन लोग डेस्क पर काम करते हुए फोन कॉल भी अटेंड करते हैं। लेकिन आपको ऐसा करने से बचना चाहिए। जब आप बैठकर मोबाइल फोन यूज करते हैं तो ऐसे में आपका बॉडी पॉश्चर सही नहीं होता है। इसलिए, बॉडी पॉश्चर को बेहतर बनाने के लिए कोशिश करें कि आप कॉल को अटेंड करते समय चलने का प्रयास करें। कहा जाता है कि सक्रिय रहने से पूरे दिन अच्छा पॉश्चर बनाए रखने में मदद मिलती है।



### खुद से करें सवाल

बॉडी पॉश्चर को सुधारना एक ऐसी चीज है, जिसे आप एक दिन में नहीं कर सकते हैं। बल्कि आपको इसके लिए अपने लाइफस्टाइल में बदलाव करने की आवश्यकता है। जिसके कारण आपको अधिक अवेयर होना चाहिए। इसलिए, आप जब भी बैठे हों, फोन देख रहे हों या फिर कोई एक्टिविटी कर रही हों तो बीच-बीच में खुद से सवाल करती रहें कि क्या आपके कंधे झुके तो नहीं है। आपका बॉडी पॉश्चर सही है या नहीं। इस तरह जब आप खुद को बार-बार रिमाइंड करवाएंगी तो इससे आपको अपना बॉडी पॉश्चर सुधारने में मदद मिलेगी।

# सुबह धनिया के पत्ते उबालकर पीने से सेहत को मिलेंगे यह बेहतरीन फायदे

धनिया हम सभी के किचन का एक अहम हिस्सा है। सब्जियों, दाल, करी, चटनी, परांठा आदि विभिन्न दैनिक व्यंजन में हम सभी हरा धनिया का प्रयोग करते हैं। धनिये के पत्तों में एक बेहतरीन खुश्बू होती है, जिससे यह न सिर्फ हमारे भोजन को अद्भुत सुगंध प्रदान करता है, बल्कि उनका स्वाद भी बढ़ाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, यह सेहत के लिए भी बहुत लाभकारी होता है?

**लिवर को करे डिटॉक्स :** लिवर फंक्शन में सुधार और बेहतर बनाने में मदद मिलती है। इसे एक बेहतरीन डिटॉक्स ड्रिंक माना जाता है, क्योंकि यह शरीर में जमा गंदगी, अपशिष्ट पदार्थों, टॉक्सिन्स को हमारे शरीर से बाहर निकालने में मदद करते हैं। यह लिवर को साफ करते हैं और रक्त को भी शुद्ध करते हैं।

**त्वचा के लिए लाभकारी है :** शरीर और रक्त को डिटॉक्सिफाई कर उबले हुए धनिया की पत्तियों का पानी त्वचा की कई समस्याओं को दूर करता है। यह त्वचा पर मौजूद कील-मुंहासे और उनके जिद्दी निशानों को साफ करने में मदद गार है। यह ब्लैकहेड्स साफ और एजिंग के लक्षणों को कम करने में भी मदद करता है।

**डायबिटीज रोगियों के लिए लाभकारी है :** हाई ब्लड शुगर को कम करने और रक्त में ब्लड ग्लूकोज को सामान्य रखने में भी धनिया की पत्तियों का पानी पीने से बहुत फायदा मिलता है। हालांकि लो ब्लड ब्लड शुगर वाले लोगों को इसका सेवन करने की सलाह नहीं दी जाती है, क्योंकि उनका ब्लड शुगर लेवल पहले ही काफी कम होता है।

**पाचन रखे दुरुस्त :** पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने और पेट को स्वस्थ रखने में धनिया उबालकर पीना बहुत फायदेमंद होता है। यह पाचन में सुधार करने और भोजन से पोषक तत्वों के अवशोषण को बेहतर बनाने में मदद करता है।

**वजन प्रबंधन में मददगार है :** सिर्फ पाचन ही नहीं, बल्कि मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में भी धनिया बहुत लाभकारी होता है। नियमित सुबह खाली पेट धनिया की पत्तियों को उबालकर पीने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है। जब आपके मेटाबॉलिज्म ठीक से काम करता है, तो आप दिन भर सामान्य फिजिकल एक्टिविटीज के दौरान भी कैलोरी बर्न करते हैं।

# दांतों को मोती जैसे चमकाने के लिए पुदीना नीम और मुलेठी से बनाएं टीथ व्हाइटनिंग पाउडर

सफेद और चमकते दांत, किसी की भी पर्सनालिटी में चार चांद लगा सकती है। मोतियों जैसी खिलखिलाती मुस्कान से आप किसी को भी अपनी तरफ आकर्षित कर सकते हैं। वहीं, पीले और गंदे दांतों की वजह से लोगों को कई बार शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। अगर दांत साफ ना हो तो लोग खुलकर हंस भी नहीं पाते हैं। दांतों में पीलेपन के कई कारण हो सकते हैं जैसे गुटखा व पान का सेवन, स्मोकिंग बेकार ओरल हाइजीन या फिर गलत खानपान। पीले और गंदे बातों से परेशान लोग अक्सर टीथ व्हाइटनिंग पाउडर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन बाजार में मिलने वाले टीथ व्हाइटनिंग पाउडर काफी महंगे होते हैं।

**होममेड टीथ व्हाइटनिंग पाउडर बनाने की सामाग्री :**

- नीम और पुदीना की सूखी पत्तियां
- 1 चम्मच दालचीनी पाउडर
- 1 चम्मच मुलेठी पाउडर
- 1 चम्मच सेंधा नमक



- 1 चम्मच लॉन्ग का पाउडर

**होममेड टीथ व्हाइटनिंग पाउडर बनाने की विधि :** इस टीथ व्हाइटनिंग पाउडर को बनाने के लिए मिक्सी में सभी चीजों को अच्छी तरह से पीस लें। इस पाउडर को आप एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करके रख सकते हैं।

**होममेड टीथ व्हाइटनिंग पाउडर इस्तेमाल करने का तरीका :** इस टीथ व्हाइटनिंग पाउडर को इस्तेमाल करने के लिए आपको एक चम्मच पाउडर अपनी हथेली पर लेना है। टूथब्रश की मदद से इससे दातों को हल्के हाथों से रोजाना साफ करें। इसके बाद साफ पानी से कुल्ला कर लें। इस टीथ व्हाइटनिंग पाउडर से रोजाना सुबह और रात में, दो बार ब्रश करें। इस टीथ व्हाइटनिंग पाउडर के इस्तेमाल से मुंह के कीटाणु खत्म होंगे।

**होममेड टीथ व्हाइटनिंग पाउडर के फायदे :** यह टीथ व्हाइटनिंग पाउडर दातों के लिए बहुत फायदेमंद है। सेंधा नमक से दांत प्राकृतिक रूप से सफेद और चमकदार बनते हैं। वहीं, नीम, पुदीने और मुलेठी से मसूड़े स्वस्थ रहते हैं। लौंग और दालचीनी की मदद से दातों पर जमा गंदगी दूर होती है और मुंह में मौजूद बैक्टीरिया को खत्म करने में भी मदद मिलती है।

**सफेद और स्वस्थ दांत पाने के लिए इन बातों का रखें ध्यान :**

- दांतों का पीलापन दूर करने के लिए अपने खानपान और ओरल हाइजीन का खास ख्याल रखें।
- दांतों में पीलापन और पायरिया से बचने के लिए नियमित रूप से डेंटल चेकअप कराते रहें।

## आज का राशिफल

### मेष

भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार प्राप्ति सहज ही होगी। व्यावसायिक यात्रा से लाभ होगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। निवेशादि शुभ रहेंगे। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। किसी बड़ी समस्या का हल प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

### वृष

कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धनार्जन होगा।

### मिथुन

व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। समय का अपव्यय होगा। दूर से दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश होगा। काम में मन नहीं लगेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति विशेष से अनबन हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### कर्क

कष्ट, भय व चिंता का वातावरण बन सकता है। विवेक से कार्य करें। समस्या दूर होगी। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कारोबारी लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में शांति रहेगी। सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

### सिंह

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शुभ समाचार मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा।

### कन्या

यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। थकान महसूस होगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल रहेंगे। धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

### तुला

कुसंगति से बचें। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड में सोच-समझकर हाथ डालें।

### वृश्चिक

अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत रहेंगे। ऐश्वर्य पर खर्च होगा।

### धनु

शत्रु शांत रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में प्रतिष्ठित अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यय होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। दुष्?टजनों से दूर रहें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

### मकर

व्यापार-व्यवसाय में बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। निवेश शुभ रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद से दूर रहें।

### कुंभ

आराम का समय मिलेगा। आशंका-कुशंका रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं, प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

### मीन

वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। शारीरिक शिथिलता रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। किसी अपने का व्यवहार प्रतिकूल रहेगा। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। नौकरी में अपेक्षानुरूप कार्य न होने से अधिकारी की नाराजी झेलना पड़ेगी।

# साल के मध्यकाल में होंगे देश-दुनिया में बड़े बदलाव : नामदेव

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** वर्ष 2026 का मध्य काल अर्थात जून, जुलाई और अगस्त का समय ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस अवधि में गुरु, मंगल, बुध और शुक्र जैसे प्रमुख ग्रहों के गोचर जहां देश-दुनिया में अनेक बदलावों के संकेत दे रहे हैं, वहीं अंक ज्योतिष भी इस समय को विशेष परिवर्तनकारी बता रहा है। ग्रहों और अंकों का संयुक्त प्रभाव राजनीति, कृषि, व्यापार, मौसम तथा जनजीवन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकता है। अंक ज्योतिषाचार्य सुरेंद्र नामदेव ने बताया कि अंक ज्योतिष के अनुसार वर्ष 2026 का मूलांक 1 2026-10, 10-1 बनता है, जिसका स्वामी सूर्य है। सूर्य नेतृत्व, सत्ता, प्रशासन, प्रतिष्ठा और बड़े निर्णयों का कारक माना जाता है। यही कारण है कि पूरे वर्ष सत्ता, प्रशासनिक बदलाव, नेतृत्व संबंधी चर्चाएं तथा नीतिगत निर्णय प्रमुखता से देखने को मिल सकते हैं। 2 जून 2026 को गुरु कर्क राशि में प्रवेश कर चुके हैं। कर्क गुरु की उच्च राशि है, जिससे धार्मिक, सामाजिक और मानवीय गतिविधियों को बल मिलेगा। हालांकि 15 जुलाई से 12 अगस्त तक गुरु अस्त रहने से कई योजनाओं में विलंब और निर्णयों में असमंजस की स्थिति बन सकती है।

नामदेव ने बताया कि 21 जून को मंगल वृषभ राशि में प्रवेश करेंगे तथा 2 अगस्त को मिथुन राशि में गोचर करेंगे। मंगल का यह परिवर्तन ऊर्जा, सुरक्षा, कृषि तथा प्राकृतिक घटनाओं को प्रभावित कर सकता है। 22 जून को बुध कर्क राशि में प्रवेश करेंगे और 29 जून से वक्री होकर संचार, व्यापार, तकनीक और यात्रा क्षेत्रों में उतार-चढ़ाव की स्थिति बना सकते हैं। 4 जुलाई को शुक्र सिंह राशि में तथा 1 अगस्त को कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। इससे विलासिता, मनोरंजन, कला, फैशन और बाजार से जुड़े क्षेत्रों में बदलाव देखने को मिल सकता है। अंक ज्योतिष के मुताबिक जून 2026 का मासिक अंक 7 बनता है, जो केतु का अंक माना जाता है। यह अंक अचानक घटनाओं, शोध, रहस्य और अप्रत्याशित परिस्थितियों का संकेत देता है। इसलिए जून माह में कई ऐसी घटनाएं सामने आ सकती हैं जो लोगों को आश्चर्यचकित करें। जुलाई 2026 का मासिक अंक 8 बनता है, जिसका स्वामी शनि है। शनि न्याय, कर्म और परिणाम का ग्रह माना जाता है। इस दौरान सरकारों, प्रशासनिक संस्थाओं और बड़े संगठनों पर जनता की नजर रहेगी। जवाबदेही और पारदर्शिता की मांग बढ़ सकती है। अगस्त 2026 का मासिक अंक 9 बनता है, जिसका स्वामी मंगल है। यह अंक संघर्ष, साहस और निर्णायक कार्रवाई का प्रतीक है। इस समय राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े फैसले तथा तीव्र गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। राजनीति और प्रशासन की बात करें तो वर्षांक 1 और जुलाई के शनि प्रभाव के कारण राजनीतिक क्षेत्र में हलचल बनी रह सकती है। कई राज्यों और देशों में सत्ता परिवर्तन, बड़े प्रशासनिक फैसले तथा राजनीतिक रणनीतियों में बदलाव देखने को मिल सकते हैं। जनता से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहेंगे।

व्यापार और अर्थव्यवस्था की दृष्टि से बुध की वक्री चाल तथा गुरु की अस्त अवस्था व्यापार और वित्तीय क्षेत्र में अस्थिरता ला सकती है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव, निवेशकों की सतर्कता और बाजार में अनिश्चितता का माहौल बन सकता है। अंक ज्योतिष के अनुसार जुलाई और अगस्त के दौरान वित्तीय निर्णय सोच-समझकर लेने की आवश्यकता होगी। कृषि और मौसम की बारे में नामदेव ने बताया कि मंगल तथा केतु के प्रभाव के कारण मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। कहीं तेज वर्षा, कहीं आंधी-तूफान और कुछ क्षेत्रों में जलभराव या बाढ़ जैसी स्थितियां बन सकती हैं।

कृषि क्षेत्र में फसलों को लाभ और हानि दोनों प्रकार की परिस्थितियां देखने को मिल सकती हैं। किसानों को मौसम की जानकारी के आधार पर निर्णय लेना लाभदायक रहेगा। सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में उच्च राशि में स्थित गुरु धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देंगे।

समाज में धार्मिक आयोजनों, सत्संग, सेवा कार्यों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में वृद्धि होगी। लोगों का झुकाव आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों की ओर बढ़ सकता है। निष्कर्ष के तौर पर ग्रह गोचर और अंक ज्योतिष दोनों संकेत देते हैं कि जून, जुलाई और अगस्त 2026 परिवर्तन, चुनौतियों और अवसरों का समय रहेगा। राजनीति, कृषि, व्यापार और मौसम में उल्लेखनीय उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। जहां कुछ क्षेत्रों में कठिनाइयां आएंगी, वहीं नए अवसर भी जन्म लेंगे। विवेक, धैर्य और सतर्कता के साथ आगे बढ़ने वाले लोग इस समय का बेहतर लाभ उठा सकेंगे।

## भारत की संस्कृति और सनातन विचार ही वैश्विक चुनौतियों का समाधान



निसं

**दांतारामगढ़ (नवयत्न)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान उच्च शिक्षा के कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का समापन सत्र खाटूश्यामजी की वृंदावन धर्मशाला में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता और अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री लक्ष्मण ने भारतीय संस्कृति को वैश्विक संकटों का एकमात्र समाधान बताया। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों के बाहरी आघातों के बाद भी भारतीय संस्कृति अपने मूल विचारों के कारण अक्षुण रही है, और आज भले ही जनरेशन गैप दिखे, परंतु देश का मूल भाव हर भारतीय की चेतना में जीवित है। अपने उद्बोधन में उन्होंने देश के विकास तथा स्वतंत्रता आंदोलन में नारी शक्ति, क्रांतिकारियों और आदिवासी समाज के अमूल्य योगदान को रेखांकित किया। वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने इसे बहुत ही संकुचित परवर्ती का बताया और इसे प्राचीन गुरुकुल परंपरा की तरह पंचकोश पर आधारित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सनातन दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत में धर्मसम्मत धन अर्जन की कभी मनाही नहीं रही है। मुख्य वक्ता ने बताया कि आज पश्चिम का भौतिकवाद शांति के लिए भारत की ओर देख रहा है, हम सभी अगर अपने कर्तव्यों का पालन ठीक से करेंगे तो यह शताब्दी निश्चित रूप से भारत की होगी। लक्ष्मण ने कार्यकर्ताओं से देश के मान.अपमान को निजी मान-अपमान समझने का आह्वान करते हुए प्रतिदिन 10 मिनट ध्यान मेडिटेशन करने का आग्रह किया। सत्र का प्रारंभ करते हुए प्रदेश महामंत्री प्रो. रिछपाल सिंह ने अभ्यास वर्ग की विभिन्न समितियों में लगे हुए सहयोगी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। सत्र के अंत में प्रदेश अध्यक्ष प्रो. मनोज बहरवाल ने अध्यक्षीय भाषण के साथ धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## गंगाशहर एवं भीनासर के निवासियों को शीघ्र जारी किए जाएं आवासीय पट्टे : मोहन सुराणा



निसं

**बीकानेर (नवयत्न)।** राजस्थान सरकार द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत आयोजित विशेष शिविरों के माध्यम से कमजोर एवं वंचित वर्गों को आवासीय पट्टे उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति के सदस्य मोहन सुराणा ने आज नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पल्लूचामी से मुलाकात कर गंगाशहर एवं भीनासर क्षेत्र के निवासियों के आवासीय पट्टों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की। मोहन सुराणा ने आयुक्त को बताया कि क्षेत्र के अनेक निवासी लंबे समय से आवासीय पट्टों से वंचित हैं। कई परिवारों ने निर्धारित राशि जमा करवा दी है, लेकिन अभी तक उन्हें पट्टे जारी नहीं किए गए हैं। उन्होंने मांग की कि जिन आवेदकों की राशि जमा हो चुकी है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र नियमित आवासीय पट्टे जारी किए जाएं। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि जिन नागरिकों ने अभी तक आवासीय पट्टों के लिए आवेदन नहीं किया है, उनके ऑनलाइन आवेदन करवाकर सर्वे किया जाए तथा राज्य सरकार के नियमों के अनुसार पात्र परिवारों को आवासीय पट्टे प्रदान किए जाएं। नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पल्लूचामी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिन लोगों की पट्टा राशि जमा हो चुकी है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द पट्टे जारी किए जाएंगे। वहीं जिन नागरिकों के पास अभी तक आवासीय पट्टे नहीं हैं, वे ऑनलाइन आवेदन करें। नियमानुसार पात्र पाए जाने पर उन्हें भी आवासीय पट्टे उपलब्ध करवाए जाएंगे। मोहन सुराणा ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र परिवार अपने आवासीय अधिकार से वंचित न रहे तथा प्रशासन शहरों के संग अभियान का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे। इस अवसर पर सफाईकर्मचारी नेता शिवलाल तेजी, भाजपा नेता मघाराम नाई, कुणाल कोचर, मदन पाईवाल, हीरालाल एवं विमल पारीक उपस्थित रहे।

## चांदपोल परकोटा गणेश मंदिर में गुरु-पुष्य नक्षत्र पर दी 1008 मोदकों की आहुति

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** गुरु.पुष्य नक्षत्र के पावन अवसर पर गुरुवार को चांदपोल परकोटा स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में भगवान गणेश का विशेष अभिषेक एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और मंगल कामना की प्रार्थना की। मंदिर के महंत पंडित अमित शर्मा के सान्निध्य में भगवान गणेश का 101 किलो दूध एवं पंचामृत से अभिषेक किया गया। अभिषेक में दूध, दही, शहद, गंगाजल, केवड़ा जल, गुलाब जल और केसर जल का उपयोग किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अभिषेक के पश्चात गणपति सहस्त्रनामावली के साथ हवन का आयोजन किया गया, जिसमें 1008 मोदकों की आहुति दी गई। इसके बाद भगवान गणेश को सिंदूर का चोला चढ़ाकर नवीन पोशाक धारण कराई गई और विशेष श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने गणपति अथर्वशीर्ष का सामूहिक पाठ किया। वहीं, भक्तों को भगवान गणेश एवं माता लक्ष्मी के प्रतीक स्वरूप हल्दी की गांठ और सुपारी वितरित की गई। अंत में भगवान गणेश को दूर्वा अर्पित कर आरती की गई। गुरु-पुष्य नक्षत्र के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, व्यापार में उन्नति तथा विघ्नों के निवारण की कामना की। मंदिर परिसर पूरे दिन भक्ति और श्रद्धा के माहौल से सराबोर रहा।



## सड़क चौड़ीकरण का विरोध तेज : स्थानीय लोग और व्यापारी हुए एकजुट

### 250 वर्ष पुराने जैन मंदिर और ठाकुर जी मंदिर को यथावत रखने की मांग

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** जगतपुरा क्षेत्र में प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण योजना को लेकर स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने प्राचीन धार्मिक स्थलों के संरक्षण की मांग उठाई है। इस संबंध में जगतपुरा बालाजी मंदिर परिसर में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर प्रबंध समिति, टीबा वाले हनुमान मंदिर, जगतपुरा मैन मार्केट व्यापार मंडल तथा विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों ने जयपुर विकास प्राधिकरण जेडीए से मांग की कि सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे लगभग 250 वर्ष पुराने श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर एवं प्राचीन ठाकुरजी मंदिर को यथावत रखा जाए तथा इनके संरक्षण के लिए विशेष व्यवस्था की जाए। जैन मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कमल कुमार बैद और महामंत्री प्रमोद कुमार जैन ने बताया कि जगतपुरा एक पुराना आबादी क्षेत्र है, जहां निवासियों के पास वर्ष 1950 और 1960 के दशक के पंचायती राज पट्टे एवं कब्जे हैं। क्षेत्र की मुख्य आबादी पिछले सात पीढ़ियों से यहां निवास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण से न केवल दोनों प्राचीन धार्मिक स्थल प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि अनेक दुकानें और आवासीय भवन भी इसकी जद में आ रहे हैं। बैठक में पार्षद रामस्वरूप मीणा, भाजपा जगतपुरा मंडल के पूर्व अध्यक्ष रामबाबू खंडेलवाल, जगतपुरा मैन मार्केट व्यापार मंडल के अध्यक्ष कन्हैयालाल चौरसिया, उपाध्यक्ष पंकज खंडेलवाल, ठाकुरजी मंदिर के महंत ओमप्रकाश, दिलीप रोणीजा, जगतपुरा जैन मंडल की श्रेष्ठ श्राविका डॉ. चन्द्र प्रभा दीदी, नीलम जैन, प्रतिमा जैन तथा राजस्थान जैन सभा के उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा सहित अनेक प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इन प्राचीन मंदिरों को किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचनी चाहिए। उन्होंने जेडीए से मांग की कि सड़क चौड़ीकरण की योजना में आवश्यक संशोधन कर दोनों मंदिरों को सुरक्षित रखा जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस मुद्दे को लेकर जल्द ही जनप्रतिनिधियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं तथा प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही जगतपुरा क्षेत्र में व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाकर स्थानीय लोगों की भावनाओं से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अवगत कराया जाएगा। प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन क्षेत्र की धार्मिक आस्था, ऐतिहासिक धरोहर और स्थानीय नागरिकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए सकारात्मक निर्णय लेगा।

## नगरपालिका में आयोजित शहरी सेवा शिविर का विधायक ने किया निरीक्षण, कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी नगरपालिका परिसर में आयोजित शहरी सेवा शिविर का विधायक ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए। विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने शिविर में पहुंचे नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य आमजन को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है, जिससे लोगों को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें और समय व धन दोनों की बचत हो सके। शिविर में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, पट्टा संबंधी कार्य, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, राजस्व एवं अन्य जनहित से जुड़े कार्यों का निस्तारण किया गया। बड़ी संख्या में नागरिकों ने शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाया तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक आवेदन का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखा जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और किसी भी नागरिक को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। नगरपालिका अधिकारियों ने बताया कि शहरी सेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य विभिन्न सरकारी सेवाओं को एक छत के नीचे उपलब्ध कराकर नागरिकों को सुविधाजनक एवं पारदर्शी सेवाएं प्रदान करना है। शिविर के सफल आयोजन में नगरपालिका कर्मचारियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही। इस मौके पर एसडीएम सुनील कुमार चौहान, ईओ नागरमल गुर्जर, पूर्व पालिकाध्यक्ष विजेश शाह, महेंद्र सिंह, निखिल शर्मा, नगेंद्र सिंह सोढ़ा, नंदकिशोर चौकड़ीवाला, डॉ. सोमदत्त भगत, सुखराम गुर्जर, संदीप शर्मा, नरेश कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## अणुव्रत समिति व पेंशनर समाज ने किया निर्माणाधीन वाटिका का निरीक्षण



**नोखा (नवयत्न)।** स्थानीय राठी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान में चल रहे अणुव्रत वाटिका निर्माण का अवलोकन आज अणुव्रत समिति के सदस्यों व राजस्थान पेंशनर समाज द्वारा किया गया । अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास ने बताया कि 400 औषधिय पौधों वाली इस अणुव्रत वाटिका में पौधों हेतु खड्डा खुदाई, सुरक्षा के तार लगाने एवं बूंद बूंद सिंचाई सिस्टम निर्माण का कार्य प्रगति पर है। आज अवलोकन करने वालों में अणुव्रत समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं राजस्थान पेंशनर्स समाज नोखा के अध्यक्ष इंदरचंद मोदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. खींम सिंह राजपुरोहित व शिवकिशन सोनी से. नि. तहसीलदार संगठन मंत्री, भोपाल राम छींपा, सदस्य महावीर पारीक, अणुव्रत समिति के कोषाध्यक्ष हरिकिशन शर्मा, मनीराम, हरिराम सोनी सामाजिक कार्यकर्ता एव वाटिका निर्माण कर्ता भंवरलाल लखारा, सहित गणमान्य नागरिक शामिल थे। हमारा नोखा हरा भारत अभियान के संयोजक राकेश नेमचंद छाजेड व सतीश झवर ने नोखा में होने वाले इस ऐतिहासिक कार्य में सभी को सहयोग करने की अपील की। राठी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक सहीराम बिश्नोई एवं उमेश आचार्य की भागीदारी सराहनीय है।

## शहरी सेवा शिविर में 51 की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** नगर पालिका टाउन हॉल में वार्ड नंबर 9 ओर 10 का शिविर लगा। शहरी सेवा शिविर में 51 लोगों की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया। नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी भवानी शंकर व्यास द्वारा तुरंत शिकायत का निस्तारण करवा आमजन को राहत प्रदान की गई। शिविर में कृषि भूमि का एक, धारा 69 के अंतर्गत 1 आवेदन, एक स्ट्रीट लाइट के 8, स्ट्रीट लाइट मरम्मत के 3, निराश्रित पशुओं को 6 ओर जन्म मृत्यु विवाह के 16 आवेदन लेकर निस्तारण किया गया, सिवरेज सुधार के 6, पेंशन के 2 के 7 आवेदन घरेलू शौचालय ओर एक फार्म राशन कार्ड एनओसी का निस्तारण करवाया गया।

## विनोद सांखला अध्यक्ष, अशोक जाखड़ बने मंत्री



सुजानगढ़ (नवयत्न)। सुजानगढ़ टेंट डीलर समिति के चुनाव सीताराम रांकावत की अध्यक्षता, चुनाव अधिकारी बजरंगलाल जांगिड़ की देखरेख में सम्पन्न हुए। जिसमें विनोद सांखला को अध्यक्ष, पंकज रांकावत को महामंत्री, मंत्री अशोक कुमार जाखड़, कोषाध्यक्ष अनिल सैनी को सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव संयोजक सिकन्दर अली खिलजी, चांद सिंह, पुखराज, किसनलाल, संजय गोयल, रवि गोदारा, कमल रांकावत, भागीरथ, बजरंग प्रजापत, इस्तियाक गौरी, हुसैन गौरी, जयंत सेठी, ईरफान, साहिद, मेहनूदीन आदि ने माला पहनाकर नव पदाधिकारियों का व्स्वागत किया।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत कॉलेज में प्रतियोगिताओं का आयोजन

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर में गुरुवार को रोवर, रेंजर, राष्ट्रीय सेवा योजना व राष्ट्रीय कैडेट कौर इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में निबन्ध व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम समिति प्रभारी प्रो. राजेन्द्र प्रसाद कस्वां ने बताया कि आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में सानिया प्रथम व निकिता शर्मा द्वितीय रही। इस क्रम में पोस्टर प्रतियोगिता में वन्दना प्रथम व सानिया द्वितीय रही। आयोजित प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका प्रो. अंकिता चौधरी, प्रो. अन्नु महला, डॉ. राज कुमार व डॉ. नेहा ने निभाई। कार्यक्रम में प्रो. गोगराज निठारवाल व महाविद्यालय विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# 57 युवाओं को मिला आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में अब राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल एसडीआरएफ , जिला प्रशासन और पुलिस के साथ एनसीसी कैडेट भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। राजस्थान पुलिस की ओर से ष्युवा आपदा मित्र योजना के तहत जेएलएन मार्ग स्थित एनसीसी परिसर में सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 57 एनसीसी कैडेट्स को आपदा बचाव एवं राहत कार्यों में सहयोग से संबंधित विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर गुरुवार को राजस्थान पुलिस मुख्यालय में समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षित कैडेट्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। एसडीआर, फ के विशेषज्ञों ने कैडेट्स को विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं में राहत एवं बचाव कार्यों का व्यावहारिक और सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था संजय अग्रवाल ने कहा कि आपदा प्रबंधन में जनसहभागिता बढ़ाने की दिशा में युवा आपदा मित्र योजना एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में एसडीआरएफ और अन्य बचाव दलों के साथ समन्वय स्थापित कर राहत कार्यों को प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रशिक्षित युवा समाज सेवा और आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आर्म्ड बटालियन एवं एसडीआरएफ रूपिंदर सिंघ ने बताया कि युवा आपदा मित्र योजना के तहत चरणबद्ध तरीके से युवाओं को आपदा प्रबंधन एवं बचाव कार्यों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भविष्य में भी विभिन्न स्थानों पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रशिक्षित युवाओं की भागीदारी राहत एवं बचाव कार्यों को और अधिक प्रभावी बना सके। कार्यक्रम में एनसीसी के कर्नल रघुवेंद्र कुमार, कर्नल विनोद कुमार सेना मेडल, लेफ्टिनेंट कर्नल परमिंदर कौर तथा एसडीआरएफ कमांडेंट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने भी कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान कैडेट्स ने अपने प्रशिक्षण अनुभव साझा करते हुए समाज सेवा और आपदा प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को भूकंप, बाढ़, आग, दआंधी.तूफान, भवन ढहने जैसी आपदाओं में राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षित तरीके से लोगों को खोजने और निकालने, प्राथमिक उपचारए रक्तस्राव रोकने, जलने और फ्रैक्चर की स्थिति में सहायता प्रदान करने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा सीपीआर और अन्य जीवन रक्षक तकनीकों के माध्यम से बेहोशी एवं हृदय गति रुकने की स्थिति में त्वरित सहायता के तरीके सिखाए गए। बाढ़ और जलभराव में बचाव, आग लगने पर अग्निशामक यंत्रों का उपयोग, ऊंचाई एवं दुर्गम स्थानों से रस्सी आधारित रेस्क्यू तकनीक, भीड़ प्रबंधन, संचार एवं समन्वय के साथ मॉक ड्रिल का भी अभ्यास कराया गया।





# नवाबों के शहर लखनऊ में बना है एशिया का सबसे बड़ा पार्क

भारत का हर कोना किसी ना किसी रंग से भरा हुआ है। भारत के हर राज्य को प्रकृति का आशीर्वाद मिली है। देश में तमाम ऐसे पार्क हैं, जिनकी प्राकृतिक सुंदरता किसी का भी मन मोह सकती है। वैसे तो आपने अपने शहर में कई खूबसूरत पार्क देखे होंगे। लेकिन आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एशिया के सबसे बड़े पार्क के बारे में बताने जा रहे हैं। यह पार्क उत्तर प्रदेश में हैं। यहां पर आपको तरह-तरह के फूलों से लेकर मछलियां आदि तक देखने को मिल जाएंगी। आपको इस पार्क में ऐसी कई चीजें देखने को मिलेंगी जो शायद आपने अन्य पार्कों में ना देखी हों।

## जनेश्वर मिश्र पार्क

आपको बता दें कि यहां पर एशिया के सबसे बड़े पार्क जनेश्वर मिश्र पार्क के बारे में बात कर रहे हैं। नवाबों के शहर लखनऊ के गोमती नगर एक्सटेंशन के 376 एकड़ के एरिया में यह पार्क फैला हुआ है। साल 2014 में यह पार्क बनकर तैयार हुआ था। जनेश्वर मिश्र पार्क में आपको कई तरह के पक्षी की प्रजातियां देखने को मिलेंगी। इस पार्क की सुंदरता को देखने के लिए दूर-दूर से लोग यहां आते हैं।

## गोंडोला नाव का मजा

जनेश्वर मिश्र पार्क में आप गोंडोला नाव का भी लुत्फ उठा सकते हैं। इस नाव की शुरूआत इटली के वेनिस शहर से हुई थी। इस नाव को बनाकर तैयार करने में एक अलग तरह की लकड़ी का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं गोंडोला नाव का आकार भी अन्य नावों से अलग होता है। माना जाता है कि गोंडोला नाव लगातार 20 साल तक पानी में रहने के बाद भी खराब नहीं होती है। इस एक नाव की कीमत करीब 16 लाख रुपए है।

## वॉटर स्क्रीन शो

जनेश्वर मिश्र पार्क का वॉटर स्क्रीन शो देखने लायक होता है। पार्क में पानी की सतह पर डिजिटल उपकरण से रंग-बिरंगे नजारों को उकेरा जाता है। फिर शो में तस्वीरें हवा में तैरती हुई नजर आती हैं। पानी पर लगी रंग-बिरंगी तस्वीरें लोगों को हैरत में डाल देती हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस पार्क के रखरखाव में हर साल सरकार 20 करोड़ रुपए तक खर्च करती है।

## पार्क का कहानी घर

इस पार्क में आपको कहानी घर भी देखने को मिलेगा। कहानी घर को 700 मीटर लंबा बनाया गया है। इसके अंदर डिजिटल चीजों का इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा यहां पर एक बहुत सुंदर सेल्फी प्वाइंट भी है। जो इंजन के पास स्थित है। इसके साथ ही इस पार्क में आपको रेलवे का हेरिटेज इंजन देखने को मिलेगा। गुजरात से खास इस इंजन को मंगाया गया था। इस इंजन को स्थापित करने में 2 करोड़ 35 लाख रूपए खर्च हुए थे।

## यहां बनेगा जुरासिक पार्क

जनेश्वर मिश्र पार्क में जल्द ही स्केटिंग के शौकीनों के लिए स्केटिंग फील्ड बनाकर तैयार किया जाएगा। इसके अलावा पार्क में स्क्रैप से जुरासिक पार्क भी तैयार होगा। जुरासिक पार्क में एक साथ 40 लोग 3डी की तर्ज पर रोचक चीजों का मजा ले सकेंगे। इस पार्क में आप बोटिंग, फुटबॉल का मैदान, कैंटीन और साइकिल ट्रेक का लुत्फ ले सकते हैं।



# घूमने का बना रहे प्लान तो जरूर एक्सप्लोर करें मिर्जा गालिब की हवेली, दीवारों पर लिखी हैं शायरियां

दिल्ली में रहने वाले एक मशहूर शायर, जिन्होंने अंग्रेजों और मुगलों के जमाने में अपना नाम इस कदर रोशन किया कि लोग आज भी उन्हें याद करते हैं। यह शायर अपनी बेबाक शेर-ओ-शायरी के लिए जाने जाते हैं। बता दें कि हम मिर्जा गालिब की बात कर रहे हैं। बताया जाता है कि गालिब की शायरी एक नशे की तरह है। जिसे जितना ही पढ़ा जाए, उतना कम हैं। गालिब की शायरी को लेकर इश्क, प्यार और मोहब्बत की दास्तां लिखी जा सकती है। बता दें कि कहीं ना कहीं गालिब की शायरी का दर्द उनके जीवन की कहानी था। आपको उनका यह दर्द गालिब की हवेली में देखने को मिलेगा। अगर आप भी शहंशाह मिर्ज़ा गालिब को समझना और जानना चाहते हैं। तो आपको एक बार गालिब की हवेली को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यह हवेली अब म्यूजियम में तब्दील हो चुकी है। बताया जाता है कि बल्लीमारान की इसी हवेली में गालिब ने अपनी जिंदगी की आखिरी रात काटी थी।



## गालिब की हवेली का इतिहास

वैसे तो शायर गालिब आगरा के रहने वाले थे। उनका जन्म साल 1797 में काला महल नामक एक जगह पर हुआ था। लेकिन वह महज 11 साल की उम्र में ही दिल्ली आ गए थे। इसके बाद साल 1812 में गालिब ने उमराव बेगम से शादी कर ली। दिल्ली वही जगह है, जहां पर असदुल्ला बेग खां ने गालिब के नाम से शायरी लिखना शुरू किया था। इसलिए कहा जाता है कि गालिब का जन्म दिल्ली में हुआ था। लेकिन यह हवेली 19वीं सदी में गालिब की रहने की जगह थी। उन्होंने यह हवेली खरीदी नहीं थी। बल्कि उनको यह हवेली उपहार में मिली थी। कहा जाता है कि इसी घर में गालिब ने आखिरी साल बिताए थे।

## हवेली की खासियत

आपको गालिब की हवेली में सिर्फ उनकी शायरी ही नहीं बल्कि गालिब की जिंदगी से जुड़ी चीजों को देखने का भी मौका मिलेगा। हवेली के अंदर जाते ही संगमरमरी बुत पर गालिब की कई किताबें रखी हुई मिलेंगी। इसके अलावा गालिब और उनके परिवार द्वारा इस्तेमाल किए गए बर्तन, सामान और कपड़ों को शीशे के फ्रेम में दिखाया गया है। इसके अलावा हवेली के गलियारे में गालिब की पेंटिं हैं। इस पेंटिंग में वह हुक्का पीते हुए दिखाए गए हैं।

## हवेली की दीवारों मिलेंगी शायरियां

गालिब की हवेली की दीवारों पर उर्दू और हिंदी में शायरियां लिखी हुई हैं। इसके अलावा दूसरे फेमस शायरों के चित्र भी यहां मौजूद हैं। इस हवेली में आपको उस्ताद जौक, हकीम मोमिन खां मोमिन और अबू जफर आदि के चित्र देखने को मिलेंगे। इसी कारण हर साल 27 दिसंबर को गालिब के जन्मदिन के मौके पर इस हवेली में मुशायरे का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा इस हवेली में रखी हुई गालिब की मूर्ति का साल 2018 में उद्घाटन किया गया था। गालिब की इस मूर्ति को मशहूर मूर्तिकार रामपूरे ने बनाया है।

## गालिब की हवेली है राष्ट्रीय धरोहर

भारतीय पुरातत्व विभाग ने गालिब की हवेली को धरोहर घोषित कर दिया है। इस हवेली में मौजूद हर चीज और किस्से को सुरक्षित रखा गया है। आप यहां पर गालिब के बारे में दिलचस्प बातों के बारे में भी जान सकते हैं। जैसे उनको शायरी के अलावा क्या शौक था और गालिब को खाने में क्या पसंद था आदि।

## कहां हैं मिर्जा गालिब की हवेली


दिल्ली के चांदनी चौक से सटा इलाका बल्लीमारां की भूलभुलैया जैसी गलियों में एक कासिम जान नामक गली है। उस गली में मस्जिद के पास मिर्जा गालिब की हवेली है। इस हवेली को देखना आपके लिए एक अनोखा अनुभव साबित हो सकता है। सोमवार और सरकारी छुट्टी वाले दिन यह हवेली बंद रहती है। बाकी के समय आप सुबह 11 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक इस हवेली के दीदार के लिए आ सकते हैं। इस हवेली में घूमने के लिए कोई टिकट नहीं लेना पड़ता है।

# बेहद डरावनी हैं दिल्ली की यह खास जगहें

कभी आपके किसी दोस्त ने आपको कोई पैरानॉर्मल कहानी सुनाई हो और आप सब फालतू की बातें सुनकर उन पर हंस दिए हों, तो ऐसा करने वाले आप अकेले नहीं हैं। हम अक्सर उन बातों को नहीं मानना चाहते जिसे हमने खुद देखा या महसूस न किया हो। वहीं, कुछ लोगों के लिए यह बहुत थ्रिलिंग हो सकता है। लेकिन अगर हम कहें कि दिल्ली में ऐसी कई जगह हैं, जहां लोगों ने ऐसी पैरानॉर्मल घटनाओं को महसूस किया है, तो क्या आप इस पर यकीन करेंगे।

## अग्रसेन की बावली

खूबसूरत आर्किटेक्चर की मिसाल इस बावली से कई भूतिया कहानियां भी जुड़ी हुई हैं। तीन मालों में बंटे इस स्टेप वेल के सबसे निचले हिस्से में काले रंग का पानी भरा है, जिसके ऊपर लोहे के रॉड लगे हुए हैं। इसका कारण यह माना जाता है कि कई लोगों ने इस पानी में कूद कर अपनी जान दे दी थी। ऐसा कहा जाता है कि भूतिया शक्तियों के प्रभाव से लोग इस पानी को देखकर हिप्नोटाइज होकर इस पानी में सुसाइड कर लेते थे। इसी कारण से सूरज डूबने के बाद यहां एंट्री मना है। अगर आप भी यहां जाना चाहते हैं तो सुबह 7 से शाम 6 बजे तक यहां घूम सकते हैं। इसका सबसे नजदीकी मेट्रो स्टेशन बाराखम्बा और जनपथ है।



## मलचा महल

जंगलों के बीच मौजूद इस इमारत के बारे में कहानी मशहूर है कि यहां बेगम विलायत और उनके बच्चे रहते थे, लेकिन 1993 में बेगम विलायत ने खुदकुशी कर ली थी और 2017 में बेगम के बेटे प्रिंस रजा मृत मिले थे। जिसके बाद से यह जगह हॉन्टेड जगहों में से एक मानी जाने लगी। ऐसा कहा जाता है कि यहां बेगम विलायत की रूह आज भी भटकती है। धौला कुंआ यहां का सबसे पास मैट्रो स्टेशन है, जहां से ऑटो लेकर आप आसानी से यहां पहुंच सकते हैं।

## भूली भटियारी का महल

सेन्ट्रल रिजर्व फॉरेस्ट में बनी यह इमारत दिल्ली के सबसे भूतिया जगहों में से एक है। मचला महल की तरह ही फिरोज शाह तुगलक ने यह शिकारगाह बनाया था। इस जगह से जुड़ी कई कहानियां सुनने को मिलती हैं, जिनमें से एक है कि भटियारी जाति की एक महिला रास्ता भटक कर यहां आ गई थी, जिसके बाद उसने यहां रहना शुरू कर दिया था और यहीं उसकी मृत्यु हुई थी, जिसके बाद से यहां उसकी आत्मा भटकती है। यहां शाम के बाद जाना मना है। लेकिन दिन के समय आप इस जगह की खूबसूरती का मजा ले सकते हैं। करोल बाग यहां का सबसे सबसे नजदीकी मेट्रो स्टेशन है।

## जमाली कमाली का मकबरा

मेहरौली आर्किओलॉजिकल पार्क में स्थित यह मकबरा मुगल काल के समय की आर्किटेक्चर की बहुत सुंदर मिसाल है। यहां सूफी संत जमालि और उनके शागिर्द कमाली को दफनाया गया था। इस जगह के साथ कहानी मशहूर है कि यहां जिन्न रहते हैं। लोगों ने यहां फुसफुसाने की आवाज और जैसे बगल में कोई खड़ा है ऐसी चीजें महसूस की हैं। इसके सबसे पास ग्रीन पार्क मेट्रो स्टेशन है।

## फिरोज शाह कोटला किला

फिरोज शाह तुगलक द्वारा बनवाया गया यह किला आज दिल्ली के सबसे हॉन्टेड जगहों में से एक है। इस जगह के साथ कहानी जुड़ी है कि यहां जिन्नों का बसेरा है और जो लोग इन बातों पर विश्वास करते हैं, वे यहां आकर जिन्न से अपनी प्रॉब्लम का समाधान मांगने के लिए चिट्ठी छोड़कर जाते हैं। यहां का सबसे नजदीकी मेट्रो स्टेशन दिल्ली गेट है।

# उज्जैन के आसपास हैं यह खूबसूरत जगहें, पर्यटक करें एक्सप्लोर

जब बात घूमने की आती है तो कोई भी व्यक्ति ऐसी जगह जाना चाहता है जहां आध्यात्मिक आनंद लेने का भी मौका मिले और कुछ एडवेंचर का भी लुत्फ़ उठा सकें। महाकाल की नगरी यानी उज्जैन भी कुछ ऐसी ही जगह है। शिप्रा नदी के तट पर स्थित उज्जैन मध्य प्रदेश के सबसे पवित्र शहरों में से एक है। लेकिन इस शहर की खूबसूरती जिस कदर भारत भर में प्रचलित है ठीक उसी तरह शहर के आसपास कुछ ऐसी जगहें हैं जो घूमने के लिहाज से बेहतरीन स्थान है।

## देवास

महाकाल की नगरी के आसपास अगर घूमने के लिए सबसे खूबसूरत कोई जगह है तो देवास उसमें से एक स्थान हो सकता सकता है। प्राकृतिक सुन्दरता से भरपूर इस शहर में घूमने के लिए हर दिन हजारों लोग पहुंचते हैं। देवास में आप कावड़िया हिल्स, मीठा तालाब देवास, शिप्रा बांध, पुष्पगिरी तीर्थ और शंकरगढ़ हिल्स



जैसी अन्य कई जगहों पर परिवार, दोस्तों या पार्टनर एक साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

**दूरी :** उज्जैन से लगभग 36 किमी।


## रतलाम

रतलाम मध्य प्रदेश का एक खूबसूरत जिला है। कहा जाता है कि इस खूबसूरत जिले पर किसी समय महाराज रतन सिंह का शासन था। इस शहर में एक खूबसूरत सेलाना पैलेस है और इस पैलेस के बीच में तक़रीबन 200 साल प्राचीन एक गार्डन भी है। रतलाम जिले में आप बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, कैक्टस गार्डन, धोलावाद डैम और हिमालय की तराई क्षेत्र में स्थित खरमौर अभयारण्य भी घूमने के लिए एक बेहतरीन पर्यटक स्थल है।

**दूरी :** उज्जैन से लगभग 103 किमी।

## रालामंडल वाइल्ड लाइफ सैंक्चुरी

रालामंडल वाइल्ड लाइफ सैंक्चुरी एक ऐसी जगह है जहां सिर्फ उज्जैन



ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश के अन्य शहर से भी लोग घूमने के लिए पहुंचते हैं। समुद्र तल से लगभग 700 से अधिक मीटर की ऊंचाई पर मौजूद यह सैंक्चुरी कई प्रवासी पक्षियों का घर भी है। अगर आप हरियाली और ठंडी हवा के बीच घूमना चाहते हैं तो फिर आपको यहां ज़रूर जाना चाहिए। इस सैंक्चुरी में घूमने के साथ-साथ आप जीप सफारी का भीलुत्फ़ उठा सकते हैं। यहां आप ट्रैकिंग भी कर सकते हैं। आपको बता दें कि अभ्यारण्य सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक ही खुला रहता है।

**दूरी :** उज्जैन से लगभग 69 किमी।

## जानापाव कुटी

ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और हरियाली से घिरा यह स्थान सैलानियों के बीच काफी लोकप्रिय है। जानापाव कुटी को भगवान पशुराम का जन्म स्थान माना है। यह कुटी (पहाड़) कई दुर्लभ औषधीय जड़ी-बूटियों के लिए भी प्रसिद्ध है। जानापाव कुटी की पहाड़ियां चंबल नदी के उद्गम स्थल के रूप में भी लोकप्रिय है। कहा जाता है कि जानापाव कुटी एक नहीं बल्कि कई लुभावने दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है। यहां आप ट्रैकिंग का भी लुत्फ़ उठा सकते हैं।

**दूरी :** उज्जैन से लगभग 98 किमी।

अगर आपको यह स्टोरी अच्छी लगी हो तो इसे फेसबुक पर जरूर शेयर करें और इसी तरह के अन्य लेख पढ़ने के लिए जुड़ी रहें आपकी अपनी वेबसाइट हरजिन्दगी के साथ।

# समय पर मोटरें नहीं लगी, जिसके कारण नहीं हो पा रही बरसाती पानी की पूरी निकासी



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहर की दुलिया बास स्थित तलाई में लगने वाली 60 एचपी की मोटर नहीं लग पाई है और तीन बार टेंडर केंसिल हो चुके हैं, जिसके कारण नया पम्प हाउस खाली पड़ा है और न तो यहां पर फिटिंग हुई है और न ही मोटर लग पाई है। इस बारे में निवर्तमान पार्षद ईकबाल खान कायमखानी ने बताया कि जब सहायक अभियंता चारवी के पास आयुक्त का चार्ज था, तब मैं तिलोकजी को साथ लेकर आयुक्त के पास खुद फाईल लेकर गया था, लेकिन उन्होंनें इस्ताक्षर करने से मना कर दिया। जिसके कारण कार्य लेट हो गया। उसके बाद फिर से दोबार टेंडर लगाया गया, लेकिन फिर से मोटर नहीं लग पाई और तीसरी बार केवल एक फर्म आने के कारण टेंडर नहीं लग पाया और पानी की निकासी नहीं होने के कारण लोग परेशान हैं। दूसरी ओर दुलिया तलाई के पास स्थित समाज कल्याण छात्रावास भवन के आगे पीछे पानी भरा हुआ है और अन्य गलियों में भी पानी भरा हुआ है, जिसके कारण लोग परेशान हैं। इकबाल खान ने बताया कि नाथोतालाब में भी मोटर लगनी थी, जो नहीं लग पाई है। ऐसे में अगर मोटरें समय पर नहीं लगने के कारण जलभराव की समस्या बनी हुई है और बाजारों तक में पानी भर रहा है, क्योंकि गेनाणी की दोनों मोटर एक साथ नहीं चलाई जाती, ऐसे में जनता किसके भरोसे है। अधिकारी समय पर मोटरें नहीं लगवा पाते, जिसके कारण जनता परेशान हैं। और तो और 12 ईंच की नई पाईप लाईन भी दुलिया तलाई में बिछ चुकी है, लेकिन मोटर नहीं होने के कारण नई पाईप लाईन किसी काम नहीं आ रही। हालांकि यहां पर 40 एच पी की पहले से लगी मोटर चालू पाई गई। दूसरी ओर इस बारे में सहायक अभियंता चारवी ने बताया कि निवर्तमान पार्षद मेरे पास आये थे, लेकिन वो पंप हाउस के फिटिंग और सप्लाई के दो अलग-अलग टेंडर ऑफलाईन करवाना चाहते थे। ऐसे में मैंने हस्ताक्षर नहीं किए और दो की बजाय एक कार्य के लिए एक ही टेंडर ऑनलाईन करवाया, ताकि कार्य में पारदर्शिता बनी रही। उसके बाद टेंडर जिस फर्म के पास आयाए उसने काम करने से मना कर दिया। जिसके कारण समय लग गया, उसके बाद दो नंबर पर रही फर्म को टेंडर दिया गया, उसने भी काम करने से मना किया। तो फिर से टेंडर किया, उसमें मात्र एक फर्म आई, जिसने काफी ज्यादा रेट भरी, जिसके कारण टेंडर केंसिल हुआ। अब फिर से टेंडर लगा हुआ है, जो शुक्रवार को खुलने की संभावना है।चारवी ने कहा कि सप्लाई और फिटिंग का अलग-अलग टेंडर करने से मैंने मना कर दिया, जिसके कारण मुझ पर आरोप लगाए गए हैं, क्योंकि मैंने एक ही कार्य के लिए दो टेंडर नहीं किए।

## 26 जून को रवाना होगी प्रदोष सेवा समिति की 15वीं बर्फानी अमरनाथ यात्रा



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदोष सेवा समिति, जयपुर के तत्वावधान में भगवान भोलेनाथ की 15वीं बर्फानी अमरनाथ यात्रा का शुभारंभ 26 जून को होगा। यात्रा के पोस्टर का विमोचन गुरुवार को मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर समिति पदाधिकारियों ने प्रथम पूज्य भगवान गणेश का आशीर्वाद लेकर यात्रा की सफलता की कामना की। समिति के संरक्षक पंडित राजकुमार चतुर्वेदी के सान्निध्य में आयोजित इस यात्रा में 151 श्रद्धालु अमरनाथ, माता वैष्णो देवी तथा हिमाचल प्रदेश की प्रमुख शक्तिपीठों के दर्शन के लिए रवाना होंगे। यात्रा का शुभारंभ गलता गेट स्थित नोखा वैदिक विद्यालय श्री गीता गायत्री मंदिर से किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष सुमित बंसल ने बताया कि यात्रा गीता गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर मोती डूंगरी गणेश मंदिर, चिंतपूर्णी माता, ज्वाला माता, कांगड़ा देवी, चामुंडा देवी, शिवखोड़ी, माता वैष्णो देवी तथा बालटाल होते हुए पवित्र अमरनाथ धाम पहुंचेगी। समिति के मुकेश शर्मा, रामबाबू बढ़ाया एवं रविंद्र पारीक ने बताया कि यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए तीन वातानुकूलित 2-2 बसों की व्यवस्था की गई है। यात्रियों के आवास, भोजन, चाय एवं नाश्ते सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समिति द्वारा की गई हैं। महिला सेवा समिति की रुचि बंसल, ऋतु चतुर्वेदी, अंजू बढ़ाया, माया शर्मा एवं जागृति पारीक ने बताया कि इस वर्ष यात्रा में महिलाओं की भागीदारी भी उत्साहजनक है और बड़ी संख्या में महिलाएं श्रद्धा एवं उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हो रही हैं। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश एवं भोलेनाथ से यात्रा की मंगलमय और सफल पूर्णता की प्रार्थना की।

## बीदासर में 21 को आयोजित होगा सिलावट समाज का दूसरा राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह

**बीदासर ( नवयत्न )।** सिलावट समाज भवन में आगामी 21 जून 2026 रविवार को मेड़तियान सिलावट समाज का राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस गरिमामयी कार्यक्रम में समाज के 300 से अधिक होनहार छात्र-छात्राओं और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं, सेवारत अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। ?समारोह को लेकर समाज के लोगों और युवाओं में भारी उत्साह है और कार्यक्रम की तैयारियां बड़े स्तर पर जोर-शोर से चल रही हैं। ?प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन कमेटी के अध्यक्ष सलीम बल्खी ने बताया कि इस राज्य स्तरीय समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रतिभावान युवाओं की हौसला-अफजाई करना और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए अलग-अलग कमेटियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। समारोह में राज्यभर से सिलावट समाज के कई गणमान्य लोग, समाज सेवी और प्रबुद्ध जन शिरकत करेंगे। ?कमेटी के सदस्यों ने समाज बंधुओं से इस कार्यक्रम में पहुंचकर समारोह को सफल बनाने और प्रतिभावान बच्चों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। कार्यक्रम को लेकर आयोजन कमेटी के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने जसवंतगढ़, लाडनूं, डीडवाना, मकराना, श्रीडूंगरगढ़, बीकानेर सहित प्रदेशभर के कई शहरों का दौरा कर कार्यक्रम में आने का समाज के 14 खेड़ों के लोगों को न्योता दिया है।

# यातायात नियमों के दुश्मनों पर राजस्थान पुलिस का चौतरफा प्रहार

## 14 दिन में 1.16 लाख से ज्यादा चालान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा चलाया जा रहा विशेष अभियान लगातार प्रभावी साबित हो रहा है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश तथा पुलिस महानिदेशक यातायात अनिल पालीवाल और अतिरिक्त महानिदेशक यातायात डॉ. बी.एल. मीणा के पर्यवेक्षण में चल रहे अभियान के तहत 4 जून से 17 जून 2026 तक प्रदेशभर में 1 लाख 16 हजार 937 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

पुलिस महानिदेशक यातायात अनिल पालीवाल ने बताया कि अभियान के दौरान सबसे अधिक कार्रवाई वाहनों पर लगी अवैध काली फिल्म के मामलों में हुई, जिनमें 44, 381 चालान बनाए गए। इसके अलावा नियम विरुद्ध नंबर प्लेट एवं पंजीयन चिन्ह के 30, 148, अनाधिकृत शब्द, चिन्ह एवं लेखन के 16,036, वाहनों में अवैध मॉडिफिकेशन के 11,383, अनधिकृत लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर, स्ट्रोब लाइट एवं हूटर के 8,668 तथा प्रेशर हॉर्न/एयर हॉर्न के 6,321 मामलों में कार्रवाई की गई। पुलिस महानिदेशक यातायात अनिल पालीवाल ने बताया कि प्रदेशभर में सघन जांच अभियान जारी रहा। एक ही दिन में 6,731 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें 2,399 काली फिल्म, 1,686 नियम विरुद्ध नंबर प्लेट, 880 अनाधिकृत शब्द एवं लेखन, 777 अवैध मॉडिफिकेशन, 602 अनधिकृत लाल-नीली बत्ती एवं फ्लैशर तथा 387 प्रेशर हॉर्न के मामले शामिल रहे। पुलिस महानिदेशक यातायात अनिल पालीवाल ने बताया कि इस कार्रवाई के मामले में जयपुर पश्चिम जिला प्रदेश में सबसे आगे रहा, जहां 522 चालान किए गए। इसके बाद उदयपुर 426, जयपुर ग्रामीण 400, जयपुर यातायात 319, धौलपुर 272, दौसा 265 और चित्तौड़गढ़ 262 का स्थान रहा। वहीं बारां 223, भरतपुर 200 और झुंझुनू 196 भी प्रमुख जिलों में शामिल रहे। पुलिस महानिदेशक



यातायात अनिल पालीवाल ने बताया कि सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि वाहन चालक काली फिल्म, अवैध हूटर, फ्लैशर, प्रेशर हॉर्न, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट और अन्य अनधिकृत संशोधनों का उपयोग नहीं करें तथा यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था में सहयोग करें।

# एसएएफजीआर एशिया गोल्फकप का दूसरा संस्करण के पोस्टकर का उपमुख्यमंत्री ने किया विमोचन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब जयपुर मिडटाउन की ओर से 9 और 10 जनवरी 2027 को एसएएफजीआर जयपुर एशिया गोल्फकप के दूसरे संस्करण का आयोजन रामबाग गोल्फ क्लब में किया जाएगा। आयोजन के पोस्टर का विमोचन उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री से मुलाकात कर टूर्नामेंट की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल में टूर्नामेंट संयोजक रोटे अतुल पोद्दार, क्लब अध्यक्ष रोटे रनू श्रीवास्तव, सचिव रोटे योगेश बंसल, क्लब





ट्रेनर रोटे सुषमा बजाज, को कन्वेनर रोटे जसवंत मील, टूर्नामेंट कॉर्डिनेटर रोटे के.पी. बजाज तथा एशिया कप सलाहकार रोटे रमेश भंडारी शामिल थे। टूर्नामेंट संयोजक अतुल पोद्दार ने बताया कि प्रतियोगिता में करीब 120 गोल्फरों के भाग लेने की संभावना है, जिनमें 40 खिलाड़ी जयपुर, 40 देश के विभिन्न राज्यों और 40 अन्य एशियाई देशों से होंगे। आयोजन का उद्देश्य रोटेरियनों के बीच फेलोशिप को बढ़ावा देने के साथ जयपुर में गोल्फ पर्यटन को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट से प्राप्त राशि बाल शिक्षा के लिए उपयोग की जाएगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन खेल, पर्यटन, सामाजिक सेवा और शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आयोजन की सफ्लता के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

# निराश्रित गौवंश सेवा समिति, नोखा की ओर से गौसेवक स्व. हरखचंद बागड़ी की स्मृति में परिजनों को भेंट किया गौसेवक सम्मान पत्र

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** निराश्रित गोवंश सेवा समिति नन्दीशाला, नोखा की तरफसे आज स्व. हरखचंद बागड़ी जी की पावन स्मृति में उनके परिजनों को गोसेवक सम्मान पत्र भेंट कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बागड़ी जी के निवास स्थान पर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की। समिति के सदस्यों ने स्व. बागड़ी जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया और सम्मान पत्र उनके सुपुत्र व परिजनों को सौंपा। इस अवसर पर निवर्तमान पालिकाध्यक्ष नारायण झंवर व निराश्रित गोवंश सेवा समिति नोखा के पदाधिकारियों ने कहा कि स्व. हरखचंद बागड़ी ने अपना सम्पूर्ण जीवन गौ माता की निस्वार्थ सेवा में समर्पित कर दिया था। बीमार, घायल और लावारिस गोवंश के इलाज से लेकर चारा-पानी की व्यवस्था तक, वे हमेशा तन-मन-धन से अग्रणी रहते थे। गोवर्धन गौशाला कँवलीसर के साथ नन्दीशाला नोखा के संचालन में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। समिति द्वारा भेंट



किए गए सम्मान पत्र में स्व. बागड़ी जी द्वारा गौ सेवा एवं नन्दीशाला के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों का विस्तार से वर्णन किया गया है। पत्र में कहा गया कि उनका समर्पण और त्याग आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। सम्मान पत्र प्राप्त करने के बाद बागड़ी परिवार ने निराश्रित गोवंश सेवा समिति, नोखा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान स्व. हरखचंद जी को सच्ची श्रद्धांजलि है और परिवार आगे भी समिति के साथ मिलकर गौ सेवा के कार्यों को जारी रखेगा।

इस अवसर पर निवर्तमान पालिकाध्यक्ष नारायण झंवर, जुगलकिशोर तिवाड़ी, ललित झंवर, भंवरलाल बाहेती, अंकित तोषनीवालएसी, पंकज चाण्डक, महावीर तापड़िया, राजू रांका व समिति सदस्य और बागड़ी परिवार के सदस्यगण मौजूद रहे।

# भगवान सियाराम पाटोत्सव : बधाइयों और भजनों से गुंजायमान हुआ खोले का हनुमानजी मंदिर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** दिल्ली रोड स्थित श्री खोले के हनुमानजी मंदिर में आयोजित भगवान सियाराम के 29वें पाटोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।



मंदिर परिसर दिनभर भक्ति, संगीत और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर रहा। प्रातः 8 बजे बलराम दास सत्संग मंडल के सदस्यों ने संगीतमय संकीर्तन प्रस्तुत किया। भजन-कीर्तन और प्रभु महिमा के गायन से श्रद्धालु भक्तिभाव में सराबोर हो गए। वहीं सायंकाल 7 बजे शिव शान्तानन्द आश्रम, गोनेर एवं भगवत कृपा परिवार, जयपुर की ओर से ठाकुरजी की पारंपरिक बधाइयों का गायन किया गया। बधाइयों की मधुर स्वर लहरियों से मंदिर परिसर गूंज उठा। पाटोत्सव के तहत शुक्रवार को वेदमाता गायत्री के 20वें पाटोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक वैद्य अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि सुबह 6 बजे मां गायत्री का पंचामृत अभिषेक होगा। इसके बाद सुबह 8 बजे सामूहिक गायत्री मंत्र जापए 10 बजे षोडशोपचार पूजन एवं विशेष श्रृंगार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुबह 11 बजे राजभोग अर्पित किया जाएगा तथा 11:30 बजे विशेष उत्सव आरती होगी। दोपहर 12 बजे गुरुकृपा सत्संग मंडल की ओर से सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। वहीं सायं 7 बजे बृजबिहारी अग्रवाल के संयोजन में राधा ब्रज चंद बिहारी सत्संग मंडल भजन एवं संकीर्तन की प्रस्तुति देगा।

# जीवनदास स्वामी टेबल टेनिस प्रतियोगिता का हुआ समापन

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की श्री गांधी बाल निकेतन के न्यायमूर्ति डॉ. बी. पी. सराफइंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बाल निकेतन द्वारा आयोजित स्व. जीवनदास स्वामी स्मृति जिलास्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन समारोह दी यंग्स वेलफेयर सोसायटी रतनगढ़ के निदेशक रघुनन्दन धरेन्द्र, लोक सेवा संस्थान अध्यक्ष चतुर्भुज गोस्वामी, आदर्श विद्या मंदिर के व्यवस्थापक रामावतार शर्मा तथा सेवानिवृत प्रधानाचार्य नजीर खान के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। दीप प्रज्वलन से प्रारम्भ हुए कार्यक्रम में आयोजक विद्यालय गांधी बाल निकेतन के शारीरिक शिक्षक राजेश गहलोत ने प्रतियोगिता परिणाम प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 14 वर्ष छात्र वर्ग में देवांशु सोनी विजेता, शौर्य यादव उपविजेता तथा हिदयांश ने तीसरा स्थान 14 वर्ष छात्रा वर्ग में दिपांशी निठारवाल विजेता, तवीशा सांकृत्य उपविजेता तथा काव्या ने तीसरा





स्थान, 17 वर्ष छात्र वर्ग में जीशान खान विजेता, आद्विक जैन उपविजेता तथा हर्ष ने तीसरा स्थान, 17-19 वर्ष छात्रा वर्ग में लावण्या कौशिक विजेता, प्रियांशी गहलोत उपविजेता तथा रेणु चौधरी ने तीसरा स्थान, 19 वर्ष छात्र वर्ग में सेजान खान विजेता, विवेक इन्दौरिया उपविजेता तथा पीयूष रावत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरूष वर्ग में सुनील मारोठिया विजेता, स्पर्श गहलोत उपविजेता तथा यश शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया वहीं महिला वर्ग में गरिमा राठौड़ विजेता, गरिमा झाझरिया उपविजेता तथा श्रेया बबेरवाल ने तृतीय स्थान अर्जित कर अपनी उत्कृष्ठ खेल प्रतिभा का परिचय दिया।

वक्ताओं ने व्यायाम गुरूजी जीवनदास के जीवन से प्रेरणा लेते हुए नियमित रूप से खेल भावना से खेलने व पढ़ाई के साथ-साथ खेल के लिए समय निकालने पर बल देते हुए अनुशासनपूर्ण जीवन जीने का आह्वान किया। कार्यक्रम समापन पर विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभाओं को ट्रॉफी प्रदान की गई।

प्रतियोगिता आयोजन समन्वयक शारीरिक शिक्षक अशोक गौ? ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। संचालन राकेश गहलोत ने किया।

# सैनी सीकर जिला संरक्षक नियुक्त

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** सूर्यवंशी क्षत्रिय महासभा रजि. राजस्थान, के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट डॉ. महेश कुमार सैनी ने संगठन का विस्तार करते हुए गणेश कुमार सैनी पुत्र मक्खन लाल सैनी ढाल्यावास श्रीमाधोपुर सीकर राजस्थान को सीकर जिला संरक्षक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पत्रकार सुभाष चौबदार प्रदेश मिडिया प्रभारी राजस्थान की अनुशंसा पर की गई।



आपके सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पण को देखते हुए सूर्यवंशी क्षत्रिय महासभा राजस्थान की कार्यकारणी में जून 2026 से अगले दो साल के लिए ये नियुक्ति दी गई है। इन आशाओं के साथ आप आगे भी राष्ट्रहित और समाज हित में ईमानदारी से कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों व परिजनों ने शुभकामनाएं दीं वहीं प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट डॉक्टर महेश सैनी, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलाब सिंह सैनी, ऋतु सैनी प्रदेश सचिव, उषा सैनी महिला प्रदेश अध्यक्ष की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# अघोषित विधुत समस्या को लेकर विद्युत अधिकारियो को ज्ञापन दिया

**नोखा ( नवयत्न )।** अघोपित व अनवरत विधुत कटौती को लेकर पींपली चौक रामगोपाल भट्ट चौक, लाहोटी चौक बजरंग लाल राठी चौक, भूरा चौक, मालू चौक, सीओ आफिस व बीकानेर रोड़ के निवासियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। निवासियों का कहना था कि नोखा के पॉश इलाके में रहने के बावजूद इस अघोपित विद्युत कटौती का सामना करना पड़ता है उक्त एरिया रानोराव जीएसएस से जुड़ा हुआ है जो कि अतिरिक्त लोड एवं दूरी की वजह से विद्युत फाल्ट और अन्य समस्यायों से ग्रसित रहता है इस कारण ना सिर्फ बार-बार विद्युत कटौती की परेशानी होती है बल्कि कई बार 35 से 40 घंटे विद्युत कटौती लोगों को त्रस्त करती है। डिस्कोम के ए ई एन प्रमोद कुमार से विडियो कान्फ्रेंन्सिग और जे इ एन सिटी प्रेरणा गुप्ता की मौजूदगी में मांग की कि हमारे एरिया को रिको फीडर से जोड़ा जाए, जहाँ आप द्वारा एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर भी स्थापित किया जाए ताकि ना सिर्फ हमारी समस्यायों का निजात मिल सकेगी बल्कि रानोराव जीएसएस का लोड भी कम हो जायेगा। ऐ ई एन प्रमोद कुमार ने मांग को जायज बताते हुए जे ई एन सिटी प्रेरणा गुप्ता को निर्देशित किया कि आगामी 20 दिनों में रिको के नये ट्रांसफार्मर को स्थापित करके उक्त एरिया को रिको से जोड़कर इस समस्या को निस्तारित किया



जाए। इस विरोध प्रदर्शन में श्याम भट्ट, भंवर लाहोटी, मनोज राठी, ओम राठी, शिव सोनी, ललित पालीवाल, मदन पारिक, सुरेन्द्र भट्टड़, सुनील भट्टद्ध, लिखमी चन्द राठी, मनोज सोनी, सुरेश सोनी, घनश्याम राठी, गणेश राठी, पवन भट्टटड़, सुभाप भट्टटड़, कमल भट्टगड़, देवेन्द्र तिवाड़ी, घनश्याम बाहेती, महेश सोनी, संतोष जोशी सहित अनेक लोग मौजूद थे।


## सार्वजनिक सूचना

स्व. श्री सुरेश शर्मा निवासी गोपालपुरा, तहसील सूरजगढ़, जिला झुंझुनूं के नाम पंजीकृत वाहन Maruti Suzuki Fron& Turbo S Hybrid Alpha (RJ18CE6228) को उनकी पत्नी श्रीमती सुनीता के नाम स्थानांतरित कराया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति, अन्य किसी पक्ष का उक्त वाहन पर कोई दावा, आपत्ति, ऋण या अधिकार हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर प्रमाण सहित लिखित रूप में प्रस्तुत करें। अन्यथा वाहन का नामांतरण श्रीमती सुनीता के नाम कर दिया जाएगा।

**वैधानिक उत्तराधिकारी : अभिषेक शर्मा, रीमा शर्मा, सीमा शर्मा निवासी - गोपालपुरा, तहसील सूरजगढ़, जिला झुंझुनूं।**

## कार्यालय नगर परिषद, सीकर (राज०)

Add:- NEAR ABMEDKAR CIRCLE Sikar Pin 332001
Email:- sikarulb.jaipur@gmail.com

क्रमांक : 1659 दिनांक :- 15.06.2026

**ई-निविदा सूचना सं. 15/2026-27**

नगर परिषद सीकर द्वारा सिविल कार्यो हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से व निविदा शर्तो अनुसार 25 कार्यो की ऑनलाईन निविदां आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा समाप्ति की तिथि 01.07.2026 को सायं 06:00 बजे तक तथा ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी 03.07.2026 प्रातः 10:00 बजे से है तथा निविदा पेटे ईएमडी राशि का डिमान्ड ड्राफ्ट तथा निविदा में सबमिट किये गये संबंधित समस्त दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जमा करवाने की दिनांक 02.07.2026 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक रहेगी।

निविदा संबंधी विवरण का अवलोकन नगर परिषद सीकर कार्यालय एवं नगर परिषद की वेबसाईट व कार्य का विवरण www.sppp.raj.nic.in पर भी देखा जा सकता है एवं कार्य की ऑनलाईन निविदा http://eproc.rajasthan.gov.in/ पर ही प्राप्त की जावेगी।

NIB CODE : DLB2627A3115

| S.NO. | UBN ID | S.NO. | UBN ID |
|---|---|---|---|
| 01 | DLB2627WSOB07692 | 14 | DLB2627WSOB07717 |
| 02 | DLB2627WSOB07694 | 15 | DLB2627WSOB07719 |
| 03 | DLB2627WSOB07695 | 16 | DLB2627WSOB07721 |
| 04 | DLB2627WSOB07696 | 17 | DLB2627WSOB07723 |
| 05 | DLB2627WSOB07698 | 18 | DLB2627WSOB07726 |
| 06 | DLB2627WSOB07699 | 19 | DLB2627WSOB07728 |
| 07 | DLB2627WSOB07701 | 20 | DLB2627WSOB07732 |
| 08 | DLB2627WSOB07702 | 21 | DLB2627WSOB07736 |
| 09 | DLB2627WSOB07704 | 22 | DLB2627WSOB07739 |
| 10 | DLB2627WSOB07706 | 23 | DLB2627WSOB07741 |
| 11 | DLB2627WSOB07709 | 24 | DLB2627WSOB07744 |
| 12 | DLB2627WSOB07711 | 25 | DLB2627WSOB07745 |
| 13 | DLB2627WSOB07716 | | |

राज.संवाद/सी/26/5086 वरिष्ठ आयुक्त

## कार्यालय ग्राम पंचायत सांवराद पंचायत समिति लाडनूँ

**क्रमांक: ग्रा.प.सा./स्वामित्व/2026-27/53** **दिनांक : 14.06.2026**

जरिये हाजा इश्तिहार के ग्राम पंचायत सांवराद, पं. स. लाडनूं की के समस्त ग्राम वासियों को सूचित किया जाता है कि स्वामित्व योजनान्तर्गत सर्वेक्षण विभाग से प्राप्त ग्राम दताऊ के सर्वे प्रपत्र व नक्शा 2.0 को आमजन के लिए प्रदर्शित किया जाकर आपत्तियों आमंत्रित की जाती है साथ ही सर्वे प्रपत्र एवं नक्शा 2.0 में किसी प्रकार की आपत्ति या संशोधन के लिए आपत्तियां मय साक्ष्य ग्राम पंचायत कार्यालय में 07 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। बाद मियाद प्राप्त आपत्तियां स्वीकार ने करके स्वामित्व योजना की अंतिम कार्यवाही निर्देशानुसार की जावेगी। सभी सूचित रहे।

**प्रशासक** — ग्राम पंचायत सांवराद, पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी** — ग्राम पंचायत सांवराद, पंचायत समिति लाडनूँ

## फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. राकेश और डॉ. अनिता का राज्य स्तर पर सम्मान



निसं

**पिलानी ( नवयत्न )।** मोदी यूनिवर्सिटी लक्ष्मणगढ़ में आयोजित फिजियोथेरेपी क्लीनिकल एक्सीलेंस कॉन्क्लेव 2026 में पिलानी के बिरला सार्वजनिक अस्पताल में कार्यरत वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट्स राकेश व अनिता ने क्षेत्र का मान बढ़ाया है। अस्पताल के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. राकेश कुमार सैनी को क्लीनिकल एक्सीलेंस अवार्ड और फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अनिता सैनी को श्विमेन लीडरशिप एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा गया है। कॉन्क्लेव के संयोजक डॉ. अंकित जैन ने बताया कि एक उच्च राज्य स्तरीय कमेटी के कड़े चयन के उपरांत ही इन दोनों फिजियोथेरेपिस्ट्स को इस सम्मान के लिए चुना गया है जो अस्पताल प्रबंधन और क्षेत्रवासियों के लिए गर्व और खुशी की बात है।

### 16 सालों से दे रहे हैं सेवाएं

डॉ. राकेश कुमार सैनी और डॉ. अनिता सैनी पिछले 16 वर्षों से चिड़ावा, पिलानी, सूरजगढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट फिजियोथेरेपी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। अपने अनुभव, समर्पण और मरीजों के प्रति सेवा भाव के कारण उन्होंने क्षेत्र में एक विशेष पहचान बनाई है। लंबे समय से किए जा रहे उनके सराहनीय कार्यों और योगदान का ही परिणाम है कि उन्हें राज्य स्तर पर इस प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया है।

### सार्वजनिक मोक्ष भूमि को निजी ट्रस्ट बनाने का आरोप

## एसडीएम को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर में सैनिक कॉलोनी के पास वर्षों पुरानी सार्वजनिक मोक्ष भूमि को निजी ट्रस्ट में बदलने के आरोप पर निवर्तमान पार्षदों व स्थानीय लोगों ने किसान नेता हरिसिंह बेनीवाल के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। किसान नेता हरिसिंह बेनीवाल ने बताया कि मोक्ष भूमि सार्वजनिक है और आमजन अंतिम संस्कार के लिए इसका उपयोग करते हैं। कुछ लोगों ने नगरपालिका से मिलकर 2026-27/754 पत्र दिनांक 05-06-2026 से इसे निजी व्यक्ति का ट्रस्ट बनाने की स्वीकृति ले लीए जो गलत है। उक्त व्यक्ति पर पहले भी अतिक्रमण का आरोप है। ज्ञापनकर्ता ओं ने उपखण्ड अधिकारी से मांग की है कि उक्त आदेश निरस्त कर मोक्ष भूमि को पुनः सार्वजनिक घोषित किया जाए। नहीं तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर नगर अध्यक्ष भागीरथ भामी, मानसिंह सैनी, कुंदन सैनी, आरिफ तेली, पप्पू गोस्वामी, संतलाल नाई, दिनेश खंडेलवाल, मोहित, सुरजीत वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी 19 को करेंगे सद्बुद्धि यज्ञ



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** राजस्थान पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन की उप शाखा चिड़ावा के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने आंदोलन की घोषणा की है। इस संबंध में संगठन द्वारा विकास अधिकारी अनीषा बिजारणियां को सामूहिक अवकाश और मुख्यालय छोड़ने की अनुमति का पत्र सौंपा गया।

### आंदोलन का मुख्य कार्यक्रम :

19 जून को मंत्रालयिक कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इस दौरान जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय झुंझुनू के सामने सामूहिक सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। 6 जुलाई को कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर जयपुर में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे।

### अवकाश और अनुमति की मांग :

संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष और उपस्थित कार्मिक सांवरमल मीना, कोमल सोनी, सुखवीर सिंह, रणजीत सिंह, सुनीता, विनोद कुमार, सुमन देवी, गरिमा, पुष्पा कुमारी, रेखा, निर्मला आदि के हस्ताक्षर युक्त पत्र में प्रशासन से उक्त तिथियों का अवकाश स्वीकृत करने और मुख्यालय छोड़ने की अनुमति देने का आग्रह किया गया है। इस सामूहिक अवकाश के चलते आगामी दिनों में पंचायत समिति से जुड़े सरकारी और प्रशासनिक कार्य प्रभावित होने की संभावना है।

## आम रास्ते से झाड़ियां हटाकर मार्ग किया साफ, आसान हुई आवागमन की राह

लाडनूं (नवयत्न)। क्षेत्र के वार्ड संख्या 38 स्थित पुरानी ऊन मील के पीछे कॉलोनी में लंबे समय से झाड़ियों और संकरे रास्ते के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों की मांग पर ईओ के निर्देश पर एसआई रामचंद्र पुनिया, विक्रम भार्गव मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन की सहायता से रास्ते के किनारों पर उगी झाड़ियों को हटाकर मार्ग की सफाई और चौड़ीकरण का कार्य करवाया। रास्ता साफऔर चौड़ा होने से स्थानीय निवासियों को आवाजाही में राहत मिली है। स्थानीय लोगों ने इस कार्य को क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान बताया। इस अवसर पर वार्डवासी अब्दुल वहीद, अब्दुल वहाब, महबूब अली सहित अन्य लोगों ने कार्य के लिए नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी हरेंद्र चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बारिश के समय पर स्थानीय बस्ती के लोगों को आवागमन में राहत मिली है।

# 100 से ज्यादा यूनिट रक्त संग्रहित, इनमें 35 के करीब महिलाओं ने किया रक्तदान

## स्वस्थ रहें, खुद का ख्याल रखें और जीवन बचाने के अभियान से जुड़ने का दिया संदेश

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** रोड नंबर 1 पर स्थित डॉ. मीना शेखावत डेंटल क्लिनिक में अनंतश्री सुखराम महाराज ट्रस्ट एवं स्त्री शक्ति महिला संगठन की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर केवल रक्त संग्रह तक सीमित नहीं रहा। बल्कि महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और उन्हें रक्तदान जैसे महादान के लिए प्रेरित करने का एक सशक्त माध्यम भी बना।

सामाजिक सरोकार के तहत प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करना और समाज में यह संदेश देना है कि यदि महिलाएं अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संतुलित खान-पान अपनाएं और स्वयं को प्राथमिकता दें। तो वे भी पुरुषों की तरह रक्तदान जैसे पुनीत कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा सकती हैं। देशभर में महिलाओं का रक्तदान प्रतिशत अभी भी अपेक्षाकृत कम है। इसके पीछे प्रमुख कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और जागरूकता की कमी मानी जाती है। इसी सोच को बदलने और महिलाओं में आत्मविश्वास



जगाने के लिए स्त्री शक्ति महिला संगठन हर वर्ष इस शिविर का आयोजन करता है। इस वर्ष आयोजित शिविर में 100 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। विशेष बात यह रही कि 35 के करीब महिलाओं ने रक्तदान कर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। महिलाओं की तरफ से स्त्री शक्ति महिला संगठन की सदस्या डॉ. शालू टीबड़ा ने सबसे पहले रक्तदान करके महिलाओं को प्रोत्साहित किया और शुभारंभ किया। महिलाओं ने यह साबित किया कि यदि स्वास्थ्य अच्छा हो और आत्मविश्वास मजबूत हो तो रक्तदान केवल पुरुषों तक सीमित नहीं है। शिविर का शुभारंभ स्त्री शक्ति महिला संगठन की संयोजिका ललित राठौड़, सुमन मील, डॉ. शालू टीबड़ा एवं शिविर संयोजिका डॉ. मीना शेखावत ने किया। इस बार का रक्तदान शिविर संगठन की पूर्व सदस्य स्वर्गीय रश्मि शेखावत की स्मृति को समर्पित रहा। शिविर के दौरान महिला चिकित्सकों ने उपस्थित महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य, संतुलित आहार और नियमित दिनचर्या के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी अच्छी आदतें महिलाओं को स्वस्थ बनाए रख सकती हैं, जिससे वे न केवल अपने परिवार की देखभाल बेहतर ढंग से कर सकेंगी बल्कि जरूरतमंदों के लिए रक्तदान जैसे जीवनदायी कार्य में भी सक्रिय भूमिका निभा सकेंगी।

आयोजकों ने कहा कि रक्तदान केवल किसी की जान बचाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का भी सबसे बड़ा उदाहरण है। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी यह संकेत दे रही है कि अब वे हर क्षेत्र की तरह सामाजिक सेवा के इस अभियान में भी नई पहचान बना रही हैं। कार्यक्रम में सरोज बड़ाऊ, डाम. शशि मोरोलिया, शशि नूनियां, अंजू शर्मा, मंजू कुमावत, सुमन कंवर, सुनिता पूनियां, रविता झाझड़िया, सुमन बीदासर, सुनिता पूनियां व डॉ. सिमरन आदि मौजूद रही और सक्रिय भागीदारी निभाई।

### झोथड़ा व बांय गांव में आयोजित हुए ग्राम सेवा शिविर, लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित

तारानगर (नवयत्न)। ग्रामीण सेवा शिविर 2026 के निमित्त आज ग्राम पंचायत मुख्यालय झोथडा, बांय में तारानगर उपखंड अधिकारी प्रियंका कड़ेला, भाजपा नेता राकेश जांगिड, भाजपा नेता महावीर पूनियां, नरेश सहारण, सुनील भाकर, तहसीलदार हनुमान मेघवाल, नायब तहसीलदार बजरंग सिंह शेखावात, विकास अधिकरी छगन छींपा, झोथडा सरपंच मोहरसिंह धानक, बांय सरपंच दलीप खाान, पूर्व सरपंच लीलाधर बागोरिया सहित ग्रामीण जनों ने सहभागिता की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बांय में उपखण्ड अधिकारी प्रियंका कड़ेला, भाजपा नेता महावीर पूनिया व तहसीलदार हनुमान मेघवाल ने खाता विभाजन, आबादी भूमि पट्टा एवं भू-नामांतरण पत्र आदि लाभार्थियों को वितरित किए इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए।

साथ ही शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र व्यक्तियों से योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान और आमजन के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा ना सुनिश्चित करें।

## आराध्य संत परमहंस बावलिया बाबा का वार्षिक उत्सव बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के आराध्य संत परमहंस बावलिया बाबा का वार्षिक उत्सव बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर को रंग बिरंगी रोशनी एवं फूल मालाओं से सजावट की गई। प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई। श्रद्धलुओं की ओर धार्मिक भजनों के साथ निकाली गई प्रभात फेरी मंदिर से शुरू होकर गढ़, रघुनाथजी मंदिर से गोपीनाथ मंदिर के मुख्य मार्गो से होते हुए मंदिर पहुँची। पंडित रामगोपाल शर्मा के आचार्यत्व मे समाधि पूजन कर बाबा की ज्योत ली गई। महा आरती कर भंडारा शुरू हुआ जिसमें बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी गृहण की। मेले लगा जिसमे बच्चों ने खूब एन्जॉय किया। बुधवार रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें कुम्भ नाथ दरबार के महंत डॉ. शैलेंद्र नाथ अघोरी के सानिध्य में फतेहपुर सारनाथ आश्रम के संत रोशन नाथ महाराज के मुखारबिन्द से एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी गई, वही स्थानीय भजन गायकार विकास पारीक, संपत शर्मा, सुभाष शर्मा, पवन सैन, सुरेंद्र बियाला, सतीश योगी, आशीष गुर्जर, राकेश टेलर, विद्याधर सैनी एवं प्रशांत शर्मा डूमरा ने भी भजनों की प्रस्तुतियां देकर शमा बांधे रखा। पवन पचलंगिया एवं घनश्याम शर्मा ने संतो का सम्मान किया। देर रात तक श्रद्धालुओं ने मंदिर मे धोक लगाकर मनोकामनाएं मांगी। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य ट्रस्टी विनोद बेसवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी महर्षि, नरेंद्र बिरख, आत्मा राम बेरीवाला, पवन पचलैंगिया, राजाराम सुरोलिया, प्रमोद पचलंगिया, नितिन चौधरी, बिहारी लाल वर्मा, एडवोकेट सुरेश शर्मा, रामदेव सिंह राठौड़, नरेश टेलर, दिनेश बेरीवाला, अशोक मोदी, संजय रोहिल्ला, सुशील मोदी, गोविंद शर्मा, सुभाष शर्मा, अशोक बेरीवाला, दिनेश सुरोलिया, सज्जन सैन, सुरेश बेसवाल, अशोक टेलर, ओपी बिरख, प्रेम पाल दूलर एवं रामकुमार सिंह सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

## ग्राम विकास अधिकारियों ने स्वच्छता संबंधी समस्याओं को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देशानुसार तारानगर पंचायत समिति के ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतों में स्वच्छता कार्यों के संचालन में आ रही विभिन्न व्यावहारिक, तकनीकी, प्रशासनिक एवं वित्तीय समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर पंचायत समिति के विकास अधिकारी छगनलाल छिम्पा को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायतों में स्वच्छता कार्यों के प्रभावी संचालन में वित्तीय संसाधनों की कमी, निविदा प्रक्रिया से संबंधित समस्याएं, बी.एस.आर. दरों की विसंगतियां तथा विभिन्न वित्त आयोगों की लंबित अनुदान राशि जैसी समस्याओं के कारण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इन समस्याओं के समाधान हेतु राज्य सरकार एवं विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग की गई। शीघ्र समस्या का समाधान नहीं होने पर संघ ने आंदोलन के चेतावनी दी इस अवसर पर जिला महामंत्री दशरथ यादव, उपशाखा अध्यक्ष रवि अग्रवाल, मंत्री राजमल कासनिया, नरेंद्र यादव, टीकूराम मीणा, कृष्ण कासनिया, राजेंद्र शर्मा, धर्मपाल ज्याणी, रामपत कस्वा, बलवीर गुरड़ा, कुलदीप, रामगोपाल शर्मा, धर्मेंद्र, मानेंद्र, राजकुमार, श्यामसुंदर, मोनिका, सालू, रेखा सिहाग, किरण शर्मा, महेश स्वामी, सहित सभी ग्राम विकास अधिकारी मौजूद थे।

# ग्राम पंचायत महपालावास व धिंगड़िया में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत महपालवास व धिंगडि़या में राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण सेवा शिविर-2026 का आयोजन किया गया। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे जिन्होंने मौके पर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया। शुक्रवार को महपालवास में आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत द्वारा लाभार्थी विक्रम पुत्र मुंगाराम व राजकरण पुत्र मुंगाराम सहित कुल 4 पट्टे वितरित किये गये वहीं धिंगड़िया पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को तिसरी किस्त प्रदान की गई। इस मौके पर शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी स्वाति झा, तहसीलदार जयसिंह मीना, विकास अधिकारी गणेशाराम जाखड, सहायक विकास अधिकारी मनोहर लाल गर्वा, ग्राम विकास अधिकारी सोनू कुमार, सुरेश कुमार, पटवारी विजय कुमार, एसबीएम ब्लॉक समन्वयक मनोज सैनी व उपखण्ड सहयोजक सुरेन्द्र भाटिया मौजुद रहें। पट्टे व प्रोपर्टी पासर्ल लेने पर उनके चेहरे पर खुशी देखी गई, उपस्थित ग्रामिणों ने आभार



व्यक्त किया।

समिति सूजरगढ़ की ग्राम पंचायत महपालवास आयोजित शिविर में आने वाले परिवादियों की बनी बात पुरानी परेशानियों से मिली राहत का उदारहण प्रस्तुत किया शिविर में ग्राम पंचायत द्वारा कुल 4 पट्टे वितरित किये लाभार्थी विक्रम पुत्र मुंगाराम व राजकरण पुत्र मुंगाराम जाति जाट निवासी महपालवास आदि मालिनाका हक के पट्टे व प्रोपर्टी पार्सल वितरित किये गये उसके आवासीय मकान के मालिकाना हक के दस्तावेज न होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। आज ग्राम पंचायत महपालवास शिविर में मौजुद शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी स्वाति झा, तहसीलदार जयसिंह मीना, विकास अधिकारी गणेशाराम जाखड, सहायक विकास अधिकारी मनोहर लाल गर्वा, ग्राम विकास अधिकारी सोनू कुमार, पटवारी विजय कुमार, एसबीएम ब्लॉक समन्वयक मनोज सैनी व उपखण्ड सहयोजक सुरेन्द्र भाटिया मौजुद रहें।

### सार्वजनिक चौक पर दीवार बनाकर अतिक्रमण का प्रयास

## स्थानीय लोगों ने ई.ओ व कलेक्टर से की शिकायत



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय जावा बास के समीप बावरियों की गुवाड़ी में सार्वजनिक चौक की भूमि पर दीवार बनाकर कब्जा करने की शिकायत सामने आई है। शिकायत कर्ता युसुफ अली पुत्र इस्माईल जाति नागौरी निवासी जावा बास ने बताया कि उनके मकान के उतर साइड में सार्वजनिक आम चौक का रास्ता है। जिस पर गंगाराम बावरी आदि कब्जा करने की नियत से यहां दीवार का निर्माण करके अतिक्रमण करने का प्रयास कर रहे हैं। शिकायत के बावजूद दीवार की चिनाई की गई है और चौक के रास्ते की भूमि को संकरा कर मार्ग को अवरुद्ध किया जा रहा है। शिकायत के अनुसार यहां बावरियों की गुवाड़ी में नगरपालिका मण्डल लाडनूं द्वारा सड़क भी बनाई हुई है तथा सीवरेज का कार्य भी पूर्ण हो गया है इसके बावजूद मिलीभगत कर आम रास्ते पर कब्जा करने का प्रयास निरंतर जारी है। पड़ोसियों ने जिला कलेक्टर और शहरी सेवा शिविर में पहुंचकर इस अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही तुरन्त प्रभाव से करवाने की मांग की है।



## शिवाजी सेवा संस्थान बगीची में कान्हा का हुआ नामांकरण, दास बालाजी में उमड़ा आस्था का सैलाब

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ शहर के शिवाजी सेवा संस्थान बगीची में संत प्रहलाद जी महाराज के सानिध्य में हजारों मातृशक्तियों व साधकों के द्वारा सकर्तिन व रामनाम जप के साथ लड्डू गोपाल का नामकरण हुआ। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, गोविंद प्रसाद मिटाना, मनोज जोशी, राधेश्याम सोनी, कुलदीप व्यास सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे। वहीं दास बालाजी मंदिर के प्रांगण में संत प्रहलाद महाराज के सानिध्य में आज प्रातः काल सैकड़ो साधको द्वारा राम नाम जप महामंत्र का अनुष्ठान हुआ । राम नाम जप से वातावरण भक्तिमय हो गया । नाम जप में नगर के सांवरमल माटोलिया, हरिशंकर मंगलहारा, श्रवण काछवाल, ओम मनोहर स्वामी, अरुण सोनी, ललित चौधरी, रामगोपाल, राजकुमार, सुरेशकुमार मुरारका, श्यामसुंदर बाजोरिया, सांवरमल तोषावड़ एहरिराम सोनी, सहित सैकड़ो साधक उपस्थित थे।

## निम्बी जोधा अस्पताल में वरिष्ठ फिजिशियन लगवाने की मांग

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** निम्बी जोधा राजकीय चिकित्सालय में चिकित्सकों की कमी को लेकर जिला प्रभारी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी को ज्ञापन सौंपकर यहां वरिष्ठ फिजिशियन की नियुक्ति करवाने की मांग की गई है। समाजसेवी हरीराम खीचड़ ने बताया की निम्बी जोधा उपतहसील बड़ा गांव होने के बावजूद यहां राजकीय अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी बनी हुई है।



अस्पताल में वरिष्ठ फिजिशियन नहीं होने से मरीजों को सामान्य उपचार और जांच के लिए भी लाडनूं व डीडवाना केंद्रों पर जाना पड़ता है। इससे मरीजों को आर्थिक, मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि निम्बी जोधा सहित आसपास के करीब 15 से 20 गांवों की बड़ी आबादी इस अस्पताल पर निर्भर है। वहीं क्षेत्र से होकर दो राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना के मामलों में भी मरीजों को सबसे पहले इसी अस्पताल में लाया जाता है। चिकित्सकों की कमी के कारण अधिकांश मरीजों को उच्च चिकित्सा केंद्रों के लिए रेफर करना पड़ता है। खीचड़ ने अस्पताल में शीघ्र एक वरिष्ठ फिजिशियन की नियुक्ति दिलवाने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। खीचड़ ने बताया कि आगामी एक सप्ताह के भीतर ग्रामीणों की इस समस्या का समाधान नहीं होता है तो आंदोलन करना पड़ेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा